

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 239 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### कश्मीरी अल्पसंख्यक नेताओं ने एलजी से भेंट की

**श्रीनगर।** कश्मीरी अल्पसंख्यक नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सनातन धर्म सभा कुपवाड़ा के अध्यक्ष मनोज कुमार टंडन ने किया। उनके साथ जिला गुरुद्वारा कमेटी कुपवाड़ा से गुरमीत सिंह और महिंदर पाल सिंह भी थे। कश्मीर चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष जावीद अहमद टेंगा ने भी उपराज्यपाल से भेंट की और उन्हें केसीसीआई द्वारा आयोजित किए जाने वाले बिजनेस इंटरएक्टिव सेमिनार और ड्रग खतरे पर जागरूकता अभियान के आगामी कार्यक्रमों से अवगत करवाया।

### न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध : जोशी

**जयपुर:** भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के चारों रथ प्रदेश के चारों कोनों में चल रहे हैं। प्रदेशभर में यात्रा को जनता का अपार स्नेह और जनसमर्थन मिल रहा है। स्वागत समारोह के साथ ही सभाओं का आयोजन भी हो रहा है। गुरुवार को दूसरी परिवर्तन यात्रा का रथ उदयपुर देहात की खैरवाड़ा विधानसभा में पहुंचा, जहां बलवाडा पंचायत समिति के खानपुर गांव में आमसभा को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने संबोधित किया। तीसरी रथयात्रा बाड़मेर के बायतु पहुंची जहां आमसभा को केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और कैलाश चौधरी ने संबोधित किया। चौथी यात्रा का रथ श्रीगंगानगर के पदमपुर पहुंचा जहां धानमंडी में एक आमसभा का आयोजन किया गया। सभा को नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां और पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पाल टीटी ने संबोधित किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने उदयपुर देहात की खैरवाड़ा विधानसभा के खानपुर गांव में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में जनता के साथ अन्याय हुआ है। महिलाओं और दलितों के ऊपर अत्याचार हो या युवाओं और किसानों से वादाखिलाफी हर मोर्चे पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जनता को निराशा किया है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते आपको विश्वास दिलाता हूं कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार आएगी और जनता के साथ जो अन्याय हुआ है उस जनता को न्याय दिलाने के लिए हम जनता के साथ खड़े हैं। देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही पहली बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांवों को पक्की सडकों से जोडा गया था।

# 'संप्रभुता बनाएं रखें सभी देश'

## पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में मोदी की दो टूक, दक्षिण चीन सागर के लिए प्रभावी आचार संहिता जरूरी: मोदी

**आह्वान**

**मोदी ने देशों से संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयास करने को कहा**

**टीम एक्शन इंडिया/जकार्ता**
**भारत** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में दक्षिण चीन सागर के लिए प्रभावी आचार संहिता को जरूरी करार दिया। मोदी की इस दो टूक बात को दक्षिण चीन सागर में लगातार घुसपैठ की कोशिश कर रहे चीन पर सीधा हमला माना जा रहा है। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सभी देशों से अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयास करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता प्रभावी होना चाहिए और यह संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होनी चाहिए। साथ ही इसमें उन देशों के हितों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए जो चर्चा का हिस्सा नहीं हैं। मोदी ने कहा कि क्षेत्र के सभी देशों की हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और समृद्धि में रुचि है। ऐसे में समय की मांग एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की है, जहां यूएनसीएलओएस सहित अंतरराष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू हो। जहां नौपरिवहन और ऊपर से उड़ान की स्वतंत्रता हो और जहां सभी के लाभ के लिए बेरोकटोक वैध व्यापार हो। भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य कठिन परिस्थितियों और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। आतंकवाद, उग्रवाद और भू-राजनीतिक संघर्ष हम सभी के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इनका सामना करने के लिए बहुपक्षवाद और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह से पालन करना आवश्यक है। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए सभी की प्रतिबद्धता और संयुक्त प्रयास भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है। वे यह बात पहले भी कह चुके हैं कि बातचीत और कूटनीति ही समाधान का एकमात्र रास्ता है।

### आसियान-भारत शिखर सम्मेलन एक 'अत्यंत मूल्यवान' साझेदारी: मोदी

**जी20** सम्मेलन से दो दिन पहले इंडोनेशिया में आयोजित हुए दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान)-भारत शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमारी साझेदारी चौथे दशक में पहुंच गई है। गत वर्ष भारत-आसियान मैत्री दिवस मनाया गया था। उसमें व्यापक रणनीतिक साझेदारी का रास्ता खुला। आसियान के साथ जुड़ाव, भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। मोदी ने कहा, 20वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन एक 'अत्यंत मूल्यवान' साझेदारी है।



इसके साथ ही पीएम मोदी 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) में भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जकार्ता में कहा, हमारा इतिहास और भूगोल भारत एवं आसियान को एकजुट करता है। आसियान बहुत मायने रखता है। हर किसी की आवाज सुनी जाती है। यह एक विकास का केंद्र है, क्योंकि वैश्विक विकास में आसियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



### फ्रांस के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री से करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत की अध्यक्षता में 9-10 सितंबर तक होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। बैठक संभवत: 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन के बाद दोपहर के भोजन के साथ होगी।

### 'जी20' की बैठकों को लेकर सकारात्मक नहीं

**जानकारों** के अनुसार, कुछ वर्षों से जी20 की बैठकों के प्रति चीन का रूख सकारात्मक नहीं रहा है। गत वर्ष इंडोनेशिया के बाली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में सदस्य राष्ट्रों द्वारा किसी एक मुद्दे पर सहमति वाला बयान जारी करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। आम सहमति वाले कई मुद्दों पर यूक्रेन युद्ध की छाया पड़ी रही। बाकी चीन के रूख ने बैठक के एजेंडे को ही मुश्किल में डाल दिया था। शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर देखने को मिला। चीन का मकसद है कि वह कारोबार और डिजिटल के मामले में अमेरिका को पछाड़ दे। दोनों महाशक्तियों के बीच चल रही खींचतान में ही भारत ने खुद के लिए पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है।

# सुनक ने की पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना

## भारत की विविधता और उसकी असाधारण सफलताओं का अर्थ है कि जी20 की अध्यक्षता के लिए वह सही समय पर सही देश है: ब्रिटिश पीएम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ब्रिटेन में** खालिस्तानी गतिविधियों के कारण भारत की चिंताएं बढ़ने पर ब्रिटिश पीएम सुनक ने कहा कि कट्टरपंथ किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। मेरी सरकार का यह दायित्व है कि विभाजनकारी विचारधाराओं के खिलाफ पूरी गंभीरता से कड़ी कार्रवाई करे। ब्रिटेन भारत सरकार में अपने साझीदारों के साथ खालिस्तान समर्थक कट्टरवाद के खतरे से निपटने के लिए पूरा सहयोग कर रहा है।

**सुनक ने की पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना: ब्रिटेन में** कट्टरवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस ऐसे किसी भी अलगाववाद से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि कानून के दायरे में किए जाने वाले प्रदर्शनों को हिंसक या डराने वाला नहीं होना चाहिए।

**तारीफ**

**भारत को जी20 की अध्यक्षता ऐसे समय मिली जब विश्व कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है**

ब्रिटेन में भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत की विविधता और उसकी असाधारण सफलताओं का अर्थ है कि जी20 की अध्यक्षता के लिए वह 'सही समय' पर 'सही देश' है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले साल के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि भारत को जी20 की अध्यक्षता ऐसे समय मिली जब विश्व कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# बाबर के अत्याचार से नहीं मिटा सनातन...

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सनातन** धर्म विवाद पर पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आज का समय जब पूरा देश सकारात्मक दिशा में बढ़ने का काम कर रहा तब कुछ लोगों को ये अच्छा नहीं लगता। इन उपलब्धियों पर उनके द्वारा भारत, भारतीयता, यहां की सनातन परंपरा पर उंगली उठाने का कार्य किया जा रहा है...ये भूल गए कि जो सनातन नहीं मिटा था रावण के अहंकार से, जो सनातन नहीं डिगा था कंस की हुंकार से, जो सनातन नहीं मिटा था बाबर और औरंगजेब के अत्याचार से वह सनातन इन तुच्छ सत्ता परजीवी



जीवों से क्या मिट पाएगा? इनको स्वयं अपने कृत्यों पर लज्जित होना चाहिए। कार्यक्रम में सीएम योगी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि की सनातम धर्म को लेकर की गई टिप्पणी पर उन्होंने पूरे इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि दुनिया पर संकट आता है तो सनातन धर्म आगे कर लोगों की सुरक्षा और संरक्षण का काम करता है। आगे कहा कि

**प्रतिक्रिया**

**सनातन धर्म विवाद में सीएम योगी आदित्यनाथ की एंट्री, बोले- जिसने भी चुनौती दी वो मिट गया**

जब भी देश में अन्याय और अत्याचार हुआ, हमारे महापुरुषों ने विशेष प्रकाशपुंज के रूप में समाज का मार्गदर्शन किया। जब समाज संकट में दुष्ट प्रवृत्ति के लोग हों शांति में खलल पैदा करने की कोशिश तो ईश्वरीय अवतारों ने कहीं कोर कसर नहीं छोड़ी।

### "भारत जोड़ो यात्रा" के उद्देश्य को नहीं भूलेगी कांग्रेस : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि वह भारत जोड़ो यात्रा के आदर्श, प्रेरणा और उद्देश्य को हमेशा याद रखेगी। उस दिशा में हमेशा सतत रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि आज ऐतिहासिक "भारत जोड़ो यात्रा" की पहली वर्षगांठ है। इस मौके पर वह लाखों निडर भारतीयों को धन्यवाद देते हैं। यह यात्रा मीलों और किलोमीटरों में नहीं नापी जा सकती है। यह यात्रा सैकड़ों भाषाएं, लाखों आहें, करोड़ों उम्मीदों के रास्ते से होते हुई भारत के दिल में समा गई।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इंडोनेशिया के जकार्ता में सम्मेलन के दौरान भारतीय समुदायों ने उनका भव्य स्वागत किया।

# अब ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना बीमारियों से की




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बाद अब डीएमके के एक और नेता ने सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के उप महासचिव और लोकसभा सदस्य ए. राजा ने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग और एचआईवी जैसी बीमारियों से की है। यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार के दौरान केंद्रीय मंत्री रहे राजा ने कहा कि तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी काफी मामूली थी और उन्होंने केवल यह कहा था कि सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया की तरह खत्म किया जाना चाहिए, जिसमें कोई सामाजिक कलंक नहीं है। उन्होंने कहा, यदि सनातन धर्म पर घृणित शब्दों में टिप्पणी की जाये; एक समय कुष्ठ रोग और एचआईवी को कलंक माना जाता था और जहां तक हमारा सवाल है, इसे (सनातन) एचआईवी और कुष्ठ रोग की तरह माना जाना चाहिए जिस पर सामाजिक कलंक था। उन्होंने कहा, उदयनिधि की टिप्पणी मामूली थी और यदि आप मुझसे पूछेंगे तो मैं कड़ी टिप्पणी करूंगा। राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सनातन धर्म का पालन करने की वकालत करते हैं और यदि उन्होंने इसका पालन किया होता, तो उन्होंने इतने सारे विदेशी देशों का दौरा नहीं किया होता। राजा ने कहा, एक अच्छे हिंदू को समुद्र पार करके दूसरे देश में नहीं जाना चाहिए। आपका (मोदी) काम जगह-जगह जाना है।

**विवादित बयान**

**जहां तक हमारा सवाल है, इसे (सनातन) एचआईवी और कुष्ठ रोग की तरह माना जाना चाहिए: ए राजा**

# 'मसूर दाल के अघोषित स्टॉक को जमाखोरी माना 'जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानसून** की कमजोर बारिश ने खाद्य पदार्थों की महंगाई की आशंका बढ़ा दी है, जिसे नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्तर पर उपाय किए जा रहे हैं। इसी क्रम में केंद्र सरकार ने कारोबारियों को मसूर दाल के स्टॉक को तत्काल प्रभाव से घोषित करने का निर्देश दिया है। स्टॉक का ब्योरा प्रत्येक शुक्रवार को अनिवार्य रूप से पोर्टल पर करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने वाले आयातकों एवं कारोबारियों पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

**दाल की कीमतों को लेकर**



**चिंतित है उपभोक्ता मंत्रालय:** उपभोक्ता मंत्रालय को सबसे ज्यादा आशंका दाल की कीमतों को लेकर है, जिसकी बुआई के रकबे में इस वर्ष लगभग 11 लाख हेक्टेयर की कमी आई है। बाजार में दाल के बढ़ते मूल्य को देखते हुए कई कारोबारी मुनाफा कमाने के लिए मसूर दाल का भंडारण बढ़ाने लगे हैं। इससे बाजार में दालों की कमी की आशंका बढ़ गई है, जिससे कीमतों में आगे चलकर तेज उछाल हो सकता है।

**केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को दिए निर्देश:** ऐहतियात के तौर पर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि अपने-अपने राज्य में जमाखोरों पर नजर रखें।

**महंगाई**

**स्टॉक का ब्योरा प्रत्येक शुक्रवार को अनिवार्य रूप से पोर्टल पर करना पड़ेगा: केंद्र सरकार**

# डीएमके का मतलब ही डेंगू-मलेरिया और कोसू: अन्नामलाई

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**तमिलनाडु** सरकार में मंत्री और सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि के सनातन पर दिए बयान के बाद से देश की राजनीति में बवाल मचा हुआ है। भाजपा उदयनिधि के साथ सीएम स्टालिन और उनकी पार्टी डीएमके को आड़े हाथ ले रही है। इस बीच तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने डीएमके पर हमला बोला है।

**डीएमके को ही खत्म करने की जरूरत:** अन्नामलाई ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उदयनिधि ने सनातन की तुलना मच्छर से की, लेकिन असल में डीएमके का मतलब ही डेंगु, मलेरिया और कोसू (मच्छर) है। भाजपा नेता ने कहा कि अब डीएमके को ही खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम द्रमुक के नाटक को जानते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि अपनी सत्ता के पहले साल में डीएमके सनातन धर्म का विरोध करते हैं।

### हाईवे से आउटलेट तक बने अवैध संपर्क मार्गों को बंद करें राज्य

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजमार्गों पर सुविधाओं के विकास में जुटे सड़क परिवहन मंत्रालय ने फ्यूल पंप, वे साइड एमेनिटीज, संपर्क मार्ग, रेस्ट एरिया आदि को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण के दिशा-निर्देशों में कुछ बदलाव किए हैं ताकि हाईवे का इस्तेमाल करने वाले लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के साथ सड़क सुरक्षा के जोखिम को भी कम किया जा सके। रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट, फ्यूल स्टेशन, विलेज हाट-बाजार, चार्जिंग प्वाइंट, शौचालय, ड्राइवरों के लिए विश्राम स्थल समेत कई सुविधाओं से युक्त ऐसे छह सौ से अधिक स्थल बनाए जाने हैं।

**'इंद्रदेव' रूठे** — अपर्याप्त वर्षा की वजह से किसानों की फसल खेतों में ही सूखने लगी

# महाराष्ट्र के 18 जिले भयंकर सूखे की चपेट में

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के 18 जिलों में इस वर्ष बहुत ही कम बारिश हुई है। इन जिलों में अपर्याप्त वर्षा की वजह से किसानों की फसल खेतों में ही सूखने लगी है। जलाशयों में पानी भंडारण नहीं हो सका है। इससे यहां के लोगों के लिए जहां पेयजल वहीं जानवरों को चारे का संकट बढ़ने लगा है। हालांकि मौसम विभाग ने सितंबर और अक्टूबर में बारिश की संभावना जताई है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के सांगली, सातारा, सोलापुर, उस्मानाबाद, बीड, अहमदनगर, औरंगाबाद, जालना,



परभणी, हिंगोली, बुलदाणा, वाशिम, आकोला, अमरावती, गोंदिया, जलगांव, धुले, नंदुरबार जिलों में अपर्याप्त वर्षा हुई है। जब किसी अवधि के दौरान वास्तविक वर्षा औसत वर्षा के 20 से 59 प्रतिशत से कम होती है, तो इसे अल्प वर्षा कहा जाता है। इसी तरह महाराष्ट्र के 15 जिलों में औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। इन जिलों में भी अगर सितंबर महीने में बारिश नहीं हुई तो यहां भी सूखे का संकट मंडरा सकता है। वरिष्ठ जलवायु वैज्ञानिक डॉ. रामचन्द्र साबले कहते हैं, "अल नीनो वातावरण में सक्रिय हो गया है। इसका असर सितंबर-अक्टूबर की बारिश पर पड़ेगा। इन दो महीनों में बारिश सामान्य होगी या नहीं, इस पर भी संदेह है। बारिश में भी रुकावट आएगी।" वरिष्ठ मौसम विज्ञानी माणिकराव खुले ने कहा, "5 सितंबर से 15 सितंबर तक अगले 10 दिनों तक महाराष्ट्र में गरज के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है।" उन्होंने कहा, "मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में मध्यम से भारी बारिश और मुंबई, कोंकण विदर्भ में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।" पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में दोपहर के अधिकतम तापमान में औसत से करीब 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

**संकट बढ़ा**

**यहां के लोगों के लिए जहां पेयजल वहीं जानवरों को चारे का संकट बढ़ने लगा है**

# नरेला: भागवत कथा में श्रीराम, कृष्ण जन्म की रही धूम

## श्री कृष्ण जन्म होते ही मौजूद भक्त खुशी से झूम उठे, भक्तों ने बधाई गीत गाकर भगवान के जन्म की मनाई खुशी







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन नरेला स्थित अनाज मंडी में किया जा रहा है। भागवत कथा के चौथे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी जी ने वामन अवतार, श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म प्रसंग का बड़ा सुंदर वर्णन किया। कथा में वीरवार के दिन भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण का जन्म होते ही नगर वासी जमकर झूमे भक्तों ने भक्ति भाव से तालियां बजाकर भगवान के जन्म का उत्सव मनाया। कृष्ण जन्म होते ही नंद के घर आनंद, भयो जय लाल की स्वर से पूरा पांडाल गूंज उठा। इस दौरान पूरा माहौल वृंदावन जैसा हो गया। कथा में गोस्वामी जी ने कहा कि भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से मर्यादा और श्री कृष्ण चरित्र से ज्ञान योग व भक्ति की प्रेरणा लेकर जीवन को धन्य करना चाहिए।

**जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बहुत दुर्लभ:** जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बहुत दुर्लभ है। जब भी यह शुभ अवसर मिले इसका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव



क ी कथा भक्तों को श्रवण करते हुए कहा कि जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुई, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तो अपने आप जेल के ताले खुल गए और वासुदेव की बेडियां खुल गई।

वासुदेव ने कृष्ण को एक टोकरी में लेकर यमुना नदी को पार कर यशोदा और नंदलाल के पास छोड़ जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने दुष्टो का नाश करने के लिए ही धरती पर जन्म लिया था। उन्होंने इस धरती को अधर्म से मुक्ति दिलाई। वहीं श्रीराम जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने कहा कि श्रीराम का जन्म होते ही अयोध्या वासी हर्षित हो गए। राजा दशरथ द्वार पुत्रों के जन्म होते ही अयोध्या नगरी में खुशी की लहर दौड़ गई। गोस्वामी जी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म असुरों और पपियों का नाश करने के लिए हुआ था। बाल्यावस्था से ही उन्होंने असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा की भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशल्या हितकारी मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति माँ के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा वह सदा-सदा के लिए अमर है। कथावाचक ने बताया कि हरि अनंत हरि कथा अनंता भगवान की कथा का कोई अंत नहीं है। यह सागर रुपी कथा है।

**ये लोग रहे मौजूद:** कथा पंडाल में बांकनेर वार्ड 2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, मोहित गुप्ता, भानु प्रकाश खत्री, मीना खत्री, अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति से जुड़े लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे।




# आदर्श नगर: हर्षोल्लास से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव


मजलिस पार्क-श्रीराम मंदिर




**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के मजलिस पार्क स्थित श्री राम मंदिर में भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। राम मंदिर समिति के प्रधान नरेश टंडन, महासचिव सुनील खन्ना और कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल सहित पूरी समिति ने जन्माष्टमी महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए दिन-रात मेहनत की। मंदिर की साज-सज्जा और व्यवस्था देखते ही बनती थी। श्रद्धालुओं को पंक्तिवार व्यवस्थित रूप से चलवाने से लेकर प्रसाद वितरण की व्यवस्था काबिलेतारीफ रही। मंदिर समिति की पूरी टीम अपनी-अपनी जिम्मेवारियों को बखूबी निर्वाह करती दिखाई दी। यही कारण है कि क्षेत्र में जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन को लेकर श्रीराम मंदिर समिति, मजलिस पार्क सबसे अव्वल रहती है।

**लाइव प्रसारण की रही विशेष व्यवस्था:** हर बार की तरह इस बार भी मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के लिए एलईडी लगवाकर लाइव प्रसारण की व्यवस्था की थी। चूंकि, श्रद्धालुओं की भीड़ बहुत ज्यादा थी इसलिए बाहर खड़े श्रद्धालुओं को मंदिर में चल रही गतिविधियों का लाइव प्रसारण दिखाया जा रहा था।





मजलिस पार्क गली नं. 6

आदर्श नगर विधानसभा के मजलिस पार्क के क्षेत्र में आने वाले गली नं. 6 स्थित मंदिर को जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य रूप से सजाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, पंडित जी, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, रवि भारद्वाज व अन्य।


आदर्श नगर एक्सटेंशन स्थित प्राचीन शिव मंदिर

आदर्श नगर एक्सटेंशन स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दर्शन करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक पवन शर्मा, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, आप नेता अनुराग गर्ग, आप नेता रवि वधवा, विजय राठौड़, सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी।



जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर कान्हाजी को झूला झुलाते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता रोशन कंसल और आदर्श नगर आरडब्ल्यूए के उप प्रधान राकेश जुनेजा।

# गठबंधन सरकार में बह रही विकास की गंगा: डा. अजय सिंह चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** गठबंधन सरकार में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है तथा जो कोर-कसर रह गई है, शेष कार्यकाल में उसे दूर करते हुए तेजी से विकास एवं जनकल्याण के कार्य करवाएंगे। आम आदमी की दुख-तकलीफों को दूर किया जाएगा तथा कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उक्त विचार जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने मंगलवार को जिले के ग्रामीण दौरे में व्यक्त किए। डा. अजय सिंह चौटाला ने ग्रामीण दौरे की शुरूआत नांगल चौधरी विधानसभा के थनवास से हुई। तत्पश्चात उन्होंने सरेली, कारोता, खटोटी कलां, सेका एवं गुवानी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बहाला कलां में मास्टर भूपसिंह के पिता एवं बाबा ऑयल मिल्स के मालिक रामकुमार शर्मा के निधन पर शोक जताया, जबकि गांव दोंगली में सुरेंद्र ठेकेदार के निवास पर कार्यकताओं से मुलाकात की। उन्होंने गुवाणी में शहीद लाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जनसभाओं की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की।

ग्रामीणों सभाओं को संबोधित करते हुए डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जब-जब भी हमारी पार्टी ने रैलियां की है, हमने अपने रिकार्ड खुद ही तोड़े हैं और लाखों की भीड़ इक्कठी करके अपने संगठन की ताकत दिखाई है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में जनशक्ति सबसे बड़ी ताकत होती है।

जब हमने पुरानी पार्टी छोड़ी, तब झंडे से लेकर फंड तक सबकुछ छोड़ दिया था और नए सिरे से संगठन खड़ा किया था। मात्र नौ महीने में आप सब लोगों ने मिलकर पीठ थपथपाई तो 10 विधायकों के साथ हमने विधानसभा में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि अब फिर से देश-प्रदेश में चुनावी माहौल बन रहा है और प्रदेश की जनता दिल खोलकर पूर्ण बहुमत के साथ हमें सत्ता की चॉबी सौंपती है तो वह सारे अधूरे काम पूरे किए जाएंगे, जिनकी हमसे लोग अपेक्षा करते हैं। जेजेपी की स्थापना चौधरी देवीलाल की विचारधारा से हुई है तथा उन्हीं की नीतियों का अनुसरण करते हुए छत्तीस बिरादरी के कल्याण के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण ज्ञान, कर्म, भक्ति के अद्‌भुत महापुरुष थे: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने जन्माष्टमी के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि महानायक योगेश्वर श्रीकृष्ण ने गीता जैसे अभेद्य रक्षा कवच ग्रन्थ की रचना की, जिससे हजारों वर्ष तक भारतियों ने विदेशी आक्रमणकारियों को मुंह तोड़ जवाब दिया, इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ज्ञान, कर्म, भक्ति के अद्भुत महापुरुष थे। राजीव जैन ने प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर के सौजन्य से आयोजित शोभा यात्रा में ठाकुर जी को रथ में विराजमान करवाया। रथयात्रा बैंडबाजों के साथ धूमधाम से पुराने शहर के बाजारों से निकाली गई। रथयात्रा का जगह जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। राजीव जैन ने इसके अतिरिक्त बाबाधाम, कुष्ठ आश्रम, प्राचीन हनुमान मंदिर गोहाना रोड, देव नगर, नरेंद्र नगर, कलावती विहार, गढ़ी ब्राह्मणान, अग्रवाल मंदिर गुड़ मंडी, भूरे बाबा के मंदिर आदि अनेकों जन्माष्टमी के कार्यक्रमों में भाग लिया। भाजपा नेता ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व भारतीय इतिहास के लिए ही नहीं बल्कि पुरे विश्व के लिए अलौकिक एवं अद्भुत है। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस जैसे राक्षशों के आतंक से मुक्ति दिलाकर धर्म की पुनः स्थापना की, इसलिए भगवान श्रीकृष्ण का वाक्य "जब जब धर्म की हानि होती है तो में धर्म की स्थापना के लिए हर युग में अवतार लेता रहूँगा । भगवान श्रीकृष्ण परकृति के विशेष प्रेमी थे इसलिए हमें पर्यावरण एवं परकृति के संरक्षण का संकल्प अवश्य लेना चाहिए।

# श्री शिरडी साईधाम कबीरपुर का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया

**धूम**

▶▶ रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण जी का जन्मोत्सव, छप्पन भोग, माखन एवम केक काट के मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत शिरडी साई** धाम श्याम खाटू धाम, कबीरपूर सोनीपत 19वें स्थापना दिवस मनाया गया। इस दिन मन्दिर को विशेष रूप से सजाया गया। फूलों के श्रृंगार एवम रोशनी से जगमगाता विशेष पंडाल सजाया गया। आज सुबह साई बाबा के दूध के मंगल स्नान से समारोह का शुभारंभ हुआ। शिरडी साई धाम के संस्थापक अर्चना अमिताभ राठौर ने बताया कि शिरडी साई धाम कबीरपुर में पिछले 2 सालों से भक्तों के सहयोग से साई रसोई का संचालन किया जा रहा है जिसमें बाबा के आशीर्वाद से कमजोर लोगों को निशुल्क भोजन दिया जा रहा है । स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विराट साई श्याम भजन दरबार सांय 6 बजे छप्पन भोग आरती से आरंभ हुआ, जिसमें श्याम बाबा का गुणगान नीरज गौतम ने किया और साई बाबा का गुणगान सांय 7 बजे सूफी कव्वाल हमसर हयात निजामी ब्रदर्स द्वारा किया गया। सभी भक्त मंत्र मुग्ध हो गए । रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण जी का जन्मोत्सव ,स्नान , भव्य श्रृंगार , छप्पन भोग ,माखन एवम केक काट के मनाया गया, जिसमें भक्तों का अपार जनसमूह देखने योग्य था। सभी भक्तो के लिए अटूट भंडारे का विशेष प्रबंध था, शिरडी साई धाम श्याम खाटू धाम की विशेषता ये है कि यहां भक्त दूर दूर से खाली झोली आते हैं और झोली भर के जाते हैं। आयोजक साई बाबा शिव दुर्गा जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा संस्था के संचालक यश राठौर, मुख्य ट्रस्टी अर्चना अमिताभ राठौर ,कृष्णा राठौर, रवि गांधी, अनिल चड्ढा जी, विक्की परुथी, नवीन कुच्छल, संजीव अग्रवाल, पंकज यादव ,पारस शर्मा, दीपक अंतिल, सुरेंद्र मजोका,दुर्गेश सेठी,सुधीर गर्ग, आरती अग्रवाल, अभिषेक बंसल, भारत शर्मा ,दीपक शर्मा, प्रवीन वर्मा , सनुज छाबड़ा, सुरेश कथूरिया मौजूद रहे।

# डीसी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/गुरुग्राम दिल्ली** में जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर, गुरुग्राम के जिला मजिस्ट्रेट और उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिले के सभी कॉर्पोरेट कार्यालयों और निजी संस्थानों को अपने कर्मचारियों को 8 सितंबर, 2023 को घर से काम करने के लिए मार्गदर्शन करने की सलाह दी है। जिला प्रशासन, गुरुग्राम द्वारा जारी एक एडवाइजरी में कहा गया है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर, 8 सितंबर को एनएच-48 पर यातायात को नियंत्रित किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप गुरुग्राम शहर की सड़कों पर कभी-कभी यातायात जाम हो सकता है।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल मे हर्षोल्लास से मनाई जन्माष्टमी



**श्रद्धा**

▶▶ छात्रों द्वारा सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की गई जिसमे कृष्ण जन्म, माखन चोर आदि झांकी प्रस्तुत की गई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** "नन्द के आनंद भयो जय हो नन्द लाल की" मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस उपलक्ष्य मे विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के जूनियर विंग मे कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के छात्र राधा, कृष्ण, गोपियाँ, ग्वाले, सुदामा जैसे अनेक किरदारों मे नजर आये। विद्यालय के ए आर ओ एवं प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने कार्यक्रम का आरम्भ ज्योति प्रज्वलन व ठाकुर जी को तिलक लगा कर व मिष्ठान का भोग लगा कर किया व कृष्ण को झूला झुलाया गया। सीनियर विंग मे डॉ सूरी द्वारा मटकी फोड़ कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तीसरी व चौथी कक्षा के छात्रों द्वारा सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की गई जिसमे कृष्ण जन्म, माखन चोर, गोवर्धन पर्वत उठाना, गीता उपदेश प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा अति सुन्दर रास लीला प्रस्तुत की गई। डॉ सूरी द्वारा कृष्ण के जन्मोत्सव पर केक काटा गया व प्रसाद के रूप मे वितरित किया गया। बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य व मधुर गीत प्रस्तुत किये व भजन प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यालय की अध्यापिका गौरी वंदना द्वारा प्रस्तुत कहानी को छात्र ने प्रस्तुत करते हुए यह सन्देश दिया कि नदियों की पवित्रता बनाये रखना, पशुओं व असहायों की रक्षा करना, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना, सच्चे कर्म क्षेत्र मे डटे रहना ही कृष्ण भक्ति है। डॉ आर आर सूरी ने सभी को कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी व छात्रों द्वारा प्रस्तुत झांकियों मे कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता उपदेश की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# प्लाईवुड व हार्डवेयर एसोसिएशन की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

प्लाईवुड एवं हाडवेयर एसोसिएशन नारनौल की एक बैठक अग्रवाल टावर, तालाब बहादुर सिंह पर हुई। बैठक में एसोसिएशन के पिछले कार्यों की समीक्षा की गई तथा भविष्य में एसोसिएशन को और मजबूत व संगठित करने पर विचार किया गया।

प्लाईवुड एवं हाडवेयर एसोसिएशन प्रधान राजेश अग्रवाल ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के सदस्यों ने निर्णय लिया कि हर महीने के आखिरी रविवार को अपने अपने प्रतिष्ठानों का पूर्ण अवकाश रखा जायेगा। एसोसिएशन सचिव अनिल जांगिड़ ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि एसोसिएशन की बैठक माह में कम से कम एक बार जरूर की जाये।

एसोसिएशन के मिडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि सभी फैसले सर्वसम्मति से लिये गये। बैठक में अनूप जैन, आनंद गुप्ता, आवेग जैन, राम अग्रवाल, देशराज जांगिड़, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मण अग्रवाल,सीताराम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल,अनिल अग्रवाल, चिमनलाल जांगिड़, विभु अग्रवाल, शिवकुमार, हेमंत जांगिड़, शुभम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# लिपिक के संघर्ष के आगे झुकी प्रदेश सरकार: अमित

## सरकार की ओर से बुधवार की देर शाम नो वर्क नो पे के आदेश लिए वापस



**संघर्ष रंग लाई**

▶▶ सरकार के अपना फैसला लेने के इस आदेश को लिपिक एसोसि ने लिपिकों की संघर्ष की जीत बताया हैं

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़** । प्रदेश सरकार की ओर से क्लर्क की हड़ताल के दौरान नो वर्क नो पे के आदेश को बुधवार की देर शाम को वापस ले लिया। इसको लिव ऑफ काइंड ड्यू माना जाएगा। सरकार के अपना फैसला लेने के इस आदेश को लिपिक एसोसिएशन ने प्रदेशभर के लिपिकों की संघर्ष की जीत बताया हैं। लिपिक एसोसिएशन के पूर्व राज्य महासचिव अमित यादव ने बताया कि लिपिक वर्ग लंबे समय से वेतन वृद्धि को लेकर संघर्ष कर रहा था। लिपिकों ने कई बार शांतिपूर्वक की मांग को सरकार के समक्ष रखा था। लेकिन सरकार ने लिपिक वर्ग की बात को नहीं सुना। 5 जुलाई को पे स्केल 35400 करने की मांग को लेकर विभिन्न विभागों ने लिपिकों ने अनिश्चितलीन हड़ताल शुरू की थी। इस दौरान कर्मचारियों की सरकार के साथ की बार असफल वार्ता हुई थी। 27 जुलाई को मुख्यमंत्री ने हड़ताल के दौरान नो वर्क नो पे के आदेश जारी किए थे। जिसके चलते प्रदेशभर के लिपिकों में भारी रोष था। 15 अगस्त को प्रदेश कार्यकारिणी की सरकार मीटिंग के बाद 16 जुलाई के क्लर्क अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थागित करके काम पर लौट आए थे। मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने क्लर्कों की हड़ताल अवधि को ड्यूटी पीरीयड़ मानने वादा किया था। लेकिन बुधवार को जारी हुए आदेश के अनुसार हड़ताल के 42 दिन को लीव माना जा रहा हैं। इसका लिपिक एसोसिएशन विरोध करता हैं। इसको लेकर आगे सरकार के साथ लड़ाई जारी रहेगी। सरकार की ओर नो वर्क नो पे के आदेश वापस लेने के बाद अमित यादव ने हड़ताल के दौरान लिपिक वर्ग का साथ देने के लिए भारतीय मजदूर संघ का आभार व्यक्त किया हैं।

# जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद** दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते सुरक्षा को लेकर फरीदाबाद पुलिस भी अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देश पर पुलिस ने महत्वपूर्ण स्थान, मॉल, होटल व बैंक इत्यादि को चेक किए। इसी क्रम में थाना शहर बल्लभगढ के इंस्पेक्टर सतीश कुमार और पुलिस चौकी बस स्टैण्ड से इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सज्जन कुमार की टीम ने चौकी के एरिया रेलवे रोड में आने वाले ओयो होटलों को भी चेक किया।

# अंबाला पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी समारोह का किया आयोजन

**उत्साह**

▶▶ एक साथ आनंद मनाया और अपनी समृद्धि और सिखाने वाले गुरुओं को ये दिन समर्पित किया





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी का समारोह बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर सभी ने एक साथ आनंद मनाया और अपनी समृद्धि और सिखाने वाले गुरुओं को ये दिन समर्पित किया।पहले शिक्षक दिवस का समारोह आयोजित किया, जिसे शिक्षकों को समर्पित किया गया ।बच्चों ने शिक्षकों के लिए गीत गाए और कविताएँ सुनाई, और उनके समाज के प्रति योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।इस दिन बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ अद्भुत समय बिताया और उनके प्रेरणास्पद शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनर्निर्माण किया। इस अवसर पर इन्नर व्हील क्लब के प्रेसिडेंट सुमन बग्गा , ट्रेज़र डॉक्टर शिल्पी , एडिटर वनीता , एग्जीक्यूटिव मेंबर मंजू खरबंदा ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। स्कूल निदेशक व इन्नर व्हील क्लब के पूर्व प्रेसिडेंट श्रीमती सुखविंदर कौर विर्क ने बताया कि यह एक अद्वितीय अवसर है जब स्कूल के प्रांगण में ये दोनों दिन साथ साथ बनाए गए। जन्माष्टमी का उत्सव , जो भगवान श्रीकृष्ण के जन्म दिन को मनाने का मौका होता है , बच्चों ने नाटक , कृष्ण लीला रास , दही हांडी फोड़ने और भजनों की प्रस्तुति के माध्यम से इस आदर्श पुरुष की कथा के महत्व को समझाने का प्रयास किया। स्कूल के मंच पर छात्र और छात्राओं ने श्रीकृष्ण और उनकी लीलाओं को जीवंत प्रस्तुत किया । स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका अरोड़ा ने बच्चों को बताया कि ये दो दिन एक साथ मनाकर उन्हें अध्यापकों के अनथक प्रयासों ,धार्मिकता और भक्ति के महत्व के बारे में सीख मिली।

# विधायक असीम गोयल ने लाखों रुपए की विकास योजनाओं का किया उद्‌घाटन

## वार्ड नम्बर 20 के तहत 13 लाख रुपए की लागत से दो गलियों का शिलान्यास किया गया है, इन गलियों के निर्माण की मांग काफी पुरानी थी जोकि आज पूरी हो गई

**विकासात्मक कार्य**

▶▶ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास परियोजनाओं को करवाने का काम किया जा रहा है: गोयल





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर के स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 9 वर्षों में विकास कार्यों की निरंतर ब्यार बह रही है और आगे भी विकास कार्यों को निरंतर करवाने का काम किया जायेगा। गोयल आज अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन कर रहे थे। सभी जगहों पर विधायक का स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन किया। गोयल ने विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने उपरांत उपस्थित क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास परियोजनाओं को करवाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वार्ड नम्बर 20 के तहत 13 लाख रुपए की लागत से दो गलियों का शिलान्यास किया गया है। उन्होने कहा कि इन गलियों के निर्माण की मांग काफी पुरानी थी जोकि आज पूरी हो गई है। उन्होने इस मौके पर यह भी कहा कि पिछले दिनों वर्षो के चलते जिन क्षेत्रों में सडकें व गलियां प्रभावित हुई थी उन्हें भी ठीक करवाने का काम किया जायेगा। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने अपने क्षेत्र से सम्बन्धित कुछ समस्याएं भी रखी। इस बारे विधायक ने सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इन समस्याओं का निदान करने बारे निर्देश दिए।

इसके उपरांत विधायक असीम गोयल ने वार्ड नम्बर 15 के तहत 33.62 लाख रुपए की लागत से बनाई जाने वाली तीन गलियों के निर्माण कार्य का तथा वार्ड नम्बर 16 के तहत 6 लाख रुपए की लागत से पानी की निकासी के लिए किए जाने वाले परियोजना के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को यह भी कहा कि आगे भी विकास कार्यों को निरंतरता में करवाने का काम किया जायेगा।

बॉक्सः- विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। पिछले 9 वर्षों में अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी करोडों रुपए की विकास परियोजनाओं का निर्माण करवाकर अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र को और सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया गया है। इस मौके पर पार्षद प्रीति सूद, पार्षद हितेष जैन, शोभा पूनिया, सुंदर ढींगरा, टींकू सूद, संजीव गोयल टोनी, पूर्व मेयर रमेश मल, गुरप्रीत शाना, निजी सचिव सौरभ गुप्ता, हरप्रीत भल्ला, आर्यन बत्रा के साथ-साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# जी-20 के लिए दिल्ली तैयार

## विदेशी मेहमानों को सरकारी अस्पतालों में मिलेंगी फाइव स्टार जैसी सुविधाएं, दिल्ली एयरपोर्ट पर भी विशेष तैयारियां, आठ से दस तक सुबह चार बजे चलेगी मेट्रो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**जी-20** सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों को सरकारी अस्पतालों में फाइव स्टार सुविधाएं मिलेंगी। कमरे होटलों की तरह तैयार किए गए हैं। इनमें मरीज के लिए अलग से बेड व सोफा लगाया गया है। मनोरंजन के लिए एलईडी टीवी व कॉरिडोर के पास फव्वारा भी होगा। कमरे में अलग से शौचालय व अन्य सुविधाएं होंगी। मरीज के साथ तीमारदार के लिए भी अलग से बेड की व्यवस्था की गई है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शुक्ला ने बताया कि अस्पताल के नर्सिंग होम में फाइव स्टार सुविधा वाले 10 कमरे तैयार किए गए हैं। यह सभी एकल कक्ष हैं, जिसमें मरीज के लिए वेंटिलेटर सहित सभी प्रकार की जांच की सुविधाएं मिलेंगी। जरूरत पड़ने पर ईसीजी, अल्ट्रासाउंड व अन्य मशीनें भी मौजूद रहेंगी। यहां पर डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य स्टाफ को भी तैनात किया गया है, जो विदेशी मेहमानों की छोटी से छोटी जरूरतों का ध्यान रखेंगे। वहीं, एम्स व सफदरजंग अस्पताल में भी विशेष कमरे तैयार किए गए हैं। सभी सुविधाओं के साथ डॉक्टरों को भी प्रशिक्षित किया गया है। ड्यूटी में लगाए गए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को इमरजेंसी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तैयार किया गया है। सभी को फर्स्ट रिस्पांस सिस्टम के लिए तैयार किया गया है।

**डिजास्टर बेड भी उपलब्धः** विदेशी मेहमानों के लिए अस्पतालों में डिजास्टर बेड भी तैयार किए गए हैं। इन पर ऑक्सीजन सहित अन्य सुविधाएं होंगी। मरीजों की तुरंत जांच के लिए फर्स्ट रिस्पांस सिस्टम काम करेगा। लेडी हार्डिंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुभाष गिरी ने बताया कि अस्पताल में 30 डिजास्टर बेड तैयार किए गए हैं। इन पर विदेशी मेहमानों को सुविधा दी जाएगी। आरएमएल में 41 डिजास्टर बेड आरक्षित किए गए हैं।

**नहीं होगी सामान्य मरीजों को दिक्कतः** सम्मेलन के दौरान सामान्य मरीजों को भी सेवा पहले की तरह मिलती रहेगी। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कुछ परेशानी हो सकती है, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने सामान्य सुविधाओं को पहले की तरह चलाने का आदेश दिया है। लोकनायक अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सामान्य मरीज को कोई परेशानी न हो, इसके लेकर क्रॉस सिस्टम तैयार किया है जिसमें मरीजों को सामान्य रूप से ओपीडी व अन्य आपातकालीन सुविधाएं मिलती रहें।

**शिक्षा विभाग के कर्मियों को तैयार रहने को कहाः** जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर सभी स्कूल बंद रहेंगे। इस दौरान शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को किसी भी आवश्यकता को पूरा करने के लिए शहर में ही रहने के निर्देश दिए हैं। सतर्कता विभाग की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि सम्मेलन व संभावित आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों को किसी भी तैनाती के लिए तैयार रहना होगा। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को शहर में ही रहना होगा। सभी कर्मचारियों को फोन पर उपलब्ध रहना होगा और इस अवधि के दौरान दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि उनकी सेवाओं की किसी भी समय आवश्यकता हो सकती है।

**9 व 10 को नई दिल्ली क्षेत्र में नहीं चलेंगी बसें:** जी-20 सम्मेलन को देखते हुए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बस रूट शनिवार व रविवार को कई इलाकों में प्रभावित रहेंगे। डीटीसी की बसें रिंग रोड और रिंग रोड से आगे दिल्ली की सीमाओं की ओर चलेंगी। इन बसों को दिल्ली से बाहर जाने की इजाजत होगी। हालांकि, इस दौरान नई दिल्ली क्षेत्र में डीटीसी बस सेवा उपलब्ध नहीं होगी। ऐसे में डीटीसी ने लोगों को यात्रा के लिए पर्याप्त समय लेकर चलने को कहा है। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नई दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों मार्ग पर वाहनों की आवाजाही के संबंध में यातायात सलाह के अनुसार संचालित किया जाएगा। डीटीसी की मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क) दुर्गेश नंदिनी वार्ष्णेय ने बताया कि 7 व 8 सितंबर की मध्य रात्रि में नियम लागू होने के बाद सभी प्रकार के माल वाहन, वाणिज्यिक वाहन, अंतरराज्यीय बसें और सिटी बसों को मथुरा रोड (आश्रम चौक से आगे) पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएंगी।






### आठ से दस तक सुबह चार बजे चलेगी मेट्रो

**जी-20** सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो की सेवा सभी लाइनों पर शुक्रवार से रविवार तक सुबह चार से शुरू हो जाएंगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सुरक्षा, कानून, यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तैनात पुलिसकर्मियों और अन्य सहायक एजेंसियों के कर्मचारियों की सुविधा के लिए यह फैसला लिया है। सुबह 6 बजे तक सभी लाइनों पर मेट्रो हर 30 मिनट में मिलेगी। इसके बाद संचालन सामान्य हो जाएगा।

**पुलिस आयुक्त की सलाह पर मेट्रो ने लिया फैसलाः** दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सम्मेलन को देखते हुए डीएमआरसी को पत्र लिखकर कहा था कि सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मेट्रो सेवा सुबह चार बजे से शुरू की जाए। सुरक्षा, कानून, यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 40 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी व कर्मचारी तैनात हैं, ऐसे में उन्हें अपने तय स्थान पर समय से पहुंचना है। उन्हें किसी तरह की परेशानी न आए इस वजह से सुबह चार बजे से मेट्रो सेवा शुरू की जाए। ऐसे में डीएमआरसी ने गंभीरता को देखते हुए यह व्यवस्था बनाई है।



**केवल सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन रहेगा बंदः** 9 से 10 सितंबर तक सुरक्षा व्यवस्था के कारण केवल सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बंद रहेगा। यहां यात्रियों को चढ़ने व उतरने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सभी मेट्रो स्टेशन आम यात्रियों के लिए खुले रहेंगे। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा निर्देशित होने पर वीवीआईपी प्रतिनिधिमंडलों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए नई दिल्ली जिले में कुछ स्टेशनों पर प्रवेश व निकास को एक संक्षिप्त अवधि के लिए बंद किया जा सकता है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर भी विशेष तैयारियां

**जी-20** सम्मेलन को लेकर एयरपोर्ट पर विशेष तैयारियां की गई है। एयरपोर्ट संचालित करने वाली कंपनी डायल ने विदेशी मेहमानों को किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए विशेष टीम का गठन किया है। यह टीम विशेष विमानों और मेहमानों को सुविधा प्रदान करेगी। टीम सुनिश्चित करेगी कि विदेशी मेहमानों को किसी तरह की असुविधा न हो। डायल अलग-अलग एजेंसियों के साथ विशेष समन्वय बनाकर काम कर रही है। विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार जैसे विभिन्न सरकारी विभागों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। एयरपोर्ट के बाहर विशेष तौर पर साज-सज्जा के साथ ही बेहतर लाइटिंग और साइनेज लगाए गए हैं। सम्मेलन से संबंधित संदेश टर्मिनल के भीतर प्रदर्शित किए जा रहे हैं। टर्मिनल के आसपास सौंदर्यीकरण किया गया है। टर्मिनल थ्री पर विशेष इंटरनेशनल हॉल तैयार किया गया है।

### सार्वजनिक शौचालयों की सूरत भी बदली

**जी-20** सम्मेलन के मद्देनजर प्रगति मैदान के आसपास और एयरपोर्ट से भारत मंडपम तक आने के रास्ते में नए सार्वजनिक शौचालय बनाकर साफ-सफाई के साथ साज सज्जा का भी खास ख्याल रखा गया है। इनके आसपास रंगीन गमले व कूड़ेदान रखे गए हैं। सफाईकर्मियों को इन्हें हमेशा साफ रखने के निर्देश दिए गए हैं। फर्श की सफाई के लिए खुशबूदार क्लीनर का इस्तेमाल किया जा रहा है। हैंडवाश लिक्विड, टिश्यू पेपर, एयरड्रॉयर भी लगाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के सामने व मथुरा रोड पर सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के पास शौचालय का नवीनीकरण किया गया है। धौला कुआं में दो शौचालय बनाए गए हैं। राजघाट, दिल्ली गेट, बहादुर शाह जफर मार्ग, निजामुद्दीन, हुमायूं का मकबरा क्षेत्र के आसपास सात शौचालयों का नवीनीकरण किया गया है। इन सभी स्थानों पर विदेशी मेहमानों के आने की संभावना है, इसलिए निगम ने व्यवस्था की है।

### नई दिल्ली क्षेत्र में तीन दिन तक फूड डिलीवरी नहीं होगी

**अगर आप** नई दिल्ली इलाके यानी एनडीएमसी क्षेत्र में रह रहे हैं तो आपको तीन दिन तक घर का ही खाना खाना पड़ेगा। 8 से 10 सितंबर तक जी-20 सम्मेलन के दौरान दिल्ली पुलिस फूड डिलीवरी की अनुमति नहीं देगी। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त एसएस यादव ने बताया कि फूड डिलीवरी बॉय नई दिल्ली क्षेत्र में नहीं आ सकेंगे। यादव ने प्रेसवार्ता में बताया कि आवश्यक सेवाएं जैसे दवा, डाक, चिकित्सा सेवाएं और लैब को नमूने लेने की अनुमति होगी। इसके अलावा सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाएं अस्थायी रूप से प्रतिबंधित रहेंगी। लोगों से अपील है कि लोग इंडिया गेट, चिड़ियाघर और कर्तव्यपथ आने से बचें। हालांकि, पुलिस ने इंडिया गेट व कर्तव्य पथ को पिछले सप्ताह से ही बेरिकेडिंग लगाकर बंद किया हुआ है। यहां 15 अगस्त व 26 जनवरी की तरह सुरक्षा व्यवस्था की गई है। विशेष पुलिस आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि 25 अगस्त को पुलिस द्वारा शुरू में जारी की गई यातायात सलाह में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दिल्ली क्षेत्र में आना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## 'जी-20 शिखर सम्मेलन से देश के व्यापार में बड़ी वृद्धि की उम्मीद'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जी-20 शिखर सम्मेलन भारतीय व्यापार के लिए कई बेहतर रास्ते और अवसर प्रदान करेगा। देशभर के व्यापारी शिखर सम्मेलन में लिये जाने वाले निर्णयों का उत्सुकता से इंतजार करेंगे। कन्फेडेरशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने गुरुवार को यह बात कही।
खंडेलवाल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि राजधानी दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम

**उम्मीद**

**प्रौद्योगिकी की स्वीकृति और कराधान नीतियों में सुधार पर कुछ रणनीतिक निर्णयों की उम्मीद करते हैं**

वित्तीय समावेशन और डिजिटल प्रौद्योगिकी की स्वीकृति और कराधान नीतियों में सुधार पर कुछ रणनीतिक निर्णयों की उम्मीद करते हैं, जिसका न केवल भारत में



बल्कि दुनियाभर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एसएमई) व्यापार के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। खंडेलवाल ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान लिये गए विभिन्न निर्णयों का अध्ययन करके उन्हें समझने एवं उन्हें भारत के व्यापारिक समुदाय के बीच फैलाने के लिए कैट ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है। इस समिति में शामिल अन्य सदस्यों में बृजमोहन अग्रवाल ओडिशा, सुभाष अग्रवाल कोलकाता, एस. एस. मनोज, केरल हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप, व्यापारियों को एफएमसीजी उत्पादों, कंप्यूटर और उसके बाह्य उपकरणों, संचार उपकरण, खिलौने, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, भारतीय हस्तशिल्प, आतिथ्य सेवा क्षेत्र से संबंधित निर्यात व्यापार में वृद्धि की उम्मीद है।

## हुमायूं का मकबरा और कुतुब मीनार का दीदार करेंगे मेहमान, निहारेंगे रात में रंगत

**पर्यटन**

**यूके के अलावा दो अन्य देशों के दूतावासों से पत्र मिले हैं। इसमें उन्होंने हुमायूं का मकबरा देखने को पहली पसंद बताया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी-20** सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमान देश की धरोहरों से भी रूबरू होंगे। विदेशी मेहमानों ने हुमायूं का मकबरा, कुतुब मीनार व सफदरजंग मकबरा घूमने की इच्छा जताई है। इन स्मारकों के साथ ही लालकिला, पुराना किला समेत अन्य धरोहरों में भी सुरक्षा से लेकर साज-सज्जा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) दिल्ली सर्किल के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक उन्हें यूनाइटेड किंगडम (यूके) के अलावा दो अन्य देशों के दूतावासों से पत्र मिले हैं। इसमें उन्होंने हुमायूं का मकबरा देखने को पहली पसंद बताया है। विश्व सांस्कृतिक धरोहर मुगल वास्तुकला का खूबसूरत नमूना हुमायूं का मकबरा में आने वाले विदेशी मेहमानों को घुमाने के लिए एएसआई के अधिकारी को तैनात किया गया है।



यह अधिकारी विदेशी मेहमानों को रोचक जानकारी देंगे। बता दें हुमायूं का मकबरा 16वीं शताब्दी में बनाया गया था। ताजमहल से पहले निर्मित इस मकबरे में मुगल परिवार के 100 के करीब लोगों की कब्रें हैं। सफदरजंग मकबरे का निर्माण 1753-54 में नवाब शुजाउद्दौला ने पिता मिर्जा मुकीम अबुल मंसूर खान (जिनकी उपाधि सफदरजंग थी) की स्मृति में करवाया था। इसमें सफदरजंग व बेगम की कब्रें बनी हुई हैं।

**रात में लाइटिंग करेगी आकर्षितः** धरोहरों में पेयजल से लेकर जन सुविधा के इंतजाम किए गए हैं। मेहमानों को धरोहर से जुड़ी कहानियां बताई जाएंगी। रात को मेहमानों को आकर्षित करने के लिए स्मारकों में लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। ये मेहमानों को खूब आकर्षित करेगी।

**पर्यटकों के लिए खुले रहेंगे स्मारक स्थलः** सम्मेलन के दौरान सभी प्रमुख स्मारक स्थल आम पर्यटकों के लिए खुले रहेंगे। सभी को प्रवेश दिया जाएगा। इस दौरान अगर कोई विदेशी मेहमानों का दल स्मारक में घूमने आता है तो पर्यटकों का प्रवेश उस समय बंद कर दिया जाएगा। एएसआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया जो पर्यटक इस दौरान पहले से अंदर होंगे उन्हें बाहर नहीं किया जाएगा। हालांकि, जिस जगह विदेशी मेहमान भ्रमण कर रहे होंगे, उस समय पर्यटकों के वहां जाने की पाबंदी होगी। कुतुब मीनार व हुमायूं का मकबरा घूमने के लिए विदेशी मेहमानों ने इच्छा जताई है। यूके सहित कई दूतावास से पत्र प्राप्त हुए हैं। एएसआई विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## जी20 के दौरान मौसम की सटीक जानकारी के लिए तैयार किया गया वेबपेज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में 9 और 10 सितंबर को होने जा रहे जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए विशेष रूप से एक वेबपेज तैयार किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली के नौ स्थानों की मौसम की जानकारी इस पेज पर साझा करेगा। इसके साथ मौसम विभाग ने 9 और 10 सितंबर को हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन



ने गुरुवार को बताया कि विभाग 7 से 10 सितंबर तक दिल्ली के लिए विस्तृत मौसम पूवार्नुमान उपलब्ध कराने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इसके लिए एक अलग वेबपेज भी बनाया गया है। इस वेबपेज में दिल्ली के 9 स्थानों के लिए विस्तृत मौसम पूवार्नुमान दर्शाया गया है। इनमें आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, चांदनी चौक, अक्षरधाम मंदिर, बहाई मंदिर, कुतुब मीनार, राजघाट, लालकिला, दिल्ली विश्वविद्यालय और लोधी रोड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में इन स्थानों पर जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों के सबसे अधिक आने की उम्मीद है। वेबपेज पर आर्द्रता, तापमान, हवा की गति और हवा की दिशा सहित वर्तमान मौसम की स्थिति के बारे में जानकारी होगी। यह पूवार्नुमान तीन घंटे के लिए वैध होगा।

## पश्चिम बंगाल के मनरेगा कर्मचारी दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिम** बंगाल के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कर्मचारी दो और तीन अक्टूबर को दिल्ली में जंतर-मंतर, कृषि भवन और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के आवास पर प्रदर्शन करेंगे। मनरेगा कर्मचारियों की ओर से तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक-ओ ब्रायन ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर इन तीन स्थानों पर प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी दिल्ली में इस प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। तृणमूल

**विरोध**

**तीन अक्टूबर को दिल्ली में जंतर-मंतर, कृषि भवन और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के आवास पर प्रदर्शन करेंगे**

कांग्रेस केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के लिए दिए जाने वाले फंड को रोके जाने का मुद्दा लगातार उठा रही है। उधर, केंद्र सरकार का कहना है कि प. बंगाल में मनरेगा के तहत बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है।

## सिंगापुर जा रहे यात्री के बैग से मिली पिस्टल और मैगजीन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** से सिंगापुर जा रहे एक यात्री के बैग से पिस्टल और दो खाली मैगजीन मिली हैं। यात्री पिस्टल को लेकर कोई वैध कागजात पेश नहीं कर पाया। सीआईएसएफ की टीम ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने आरोपी यात्री के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस यात्री से पूछताछ कर रही है। आरोपी की पहचान परमानंद दास के रूप में हुई है। सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि यात्री अपने परिवार के साथ दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डा के टर्मिनल तीन पर पहुंचा। उसे इंडिगो के विमान से सिंगापुर जाना था। प्रस्थान वाले गेट संख्या पांच से प्रवेश करने के बाद आरोपी यात्री के बैग को एक्सरे मशीन से गुजारा गया। सीआईएसएफ कर्मियों को बैग में आपत्तिजनक चीज दिखाई दी। उसके बाद जवानों ने यात्री के बैग की तलाशी ली।
तलाशी के दौरान बैग से पिस्टल व मैगजीन मिली। आरोपी यात्री से इस बारे में पूछताछ की गई, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सीआईएसएफ अधिकारियों ने यात्री को पुलिस को सौंप को दी। पुलिस यात्री से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

**जवान मुस्तैद** फरार दहशतगर्दों के अलावा खालिस्तानियों का खटका, अभी तक खालिस्तान समर्थकों को छोड़कर किसी अन्य द्वारा हमले के इनपुट नहीं

## जी20: पाकिस्तानी हैंडलर समेत 15 आतंकियों पर रहेगी विशेष नजर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी-20** सम्मेलन को देखते हुए पुलिस पाकिस्तानी हैंडलर समेत 15 आतंकियों पर विशेष नजर रख रही है। स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इनमें पाकिस्तानी हैंडलर, आईएसआई व दिल्ली में वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके आतंकी शामिल हैं। अभी तक खालिस्तान समर्थकों को छोड़कर किसी अन्य द्वारा हमले के इनपुट नहीं हैं। खालिस्तानी माहौल खराब करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। ऐसे में वारदात रोकने के लिए नई दिल्ली जिले के सभी पुलिस थानों में एक-एक एंटी ग्राफ्टी टीम बनाई गई है। ये टीमें अपने साथ एंटी ग्राफ्टी किट लेकर चलती हैं। इस किट में हर तरह का स्प्रे आदि सामान होता है। अगर कोई खालिस्तानी समर्थक किसी



दीवार पर कुछ लिख देता है तो टीम स्प्रे कर तुरंत उसे मिटा देगी। टीम में सब-इस्पेक्टर स्तर का पुलिस अधिकारी व दो जूनियर कर्मी होते हैं। इसके अलावा नई

**सुरक्षा चाक चौबंद**

**दिल्ली जिले के सभी थानों में कंट्रोल रूम बनाया गया है। एक थाना इलाके में बहुत सारे सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं**

दिल्ली जिले के सभी थानों में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां टीवी स्क्रीन बढ़ा दी गई हैं। एक थाना इलाके में बहुत सारे सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कुछ पहले से ही लगे हुए हैं।
कंट्रोल रूम से इन सीसीटीवी कैमरों के जरिये थाना क्षेत्र के हर मार्ग व गली पर नजर रखी जा रही है। सब-इंस्पेक्टर स्तर के पुलिसकर्मियों की कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाई गई है। ये पुलिस अधिकारी 24 घंटे हर टीवी स्क्रीन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। चाणक्युपरी, तुगलक रोड, तिलक मार्ग व संसद मार्ग इलाके में कंट्रोल रूम से विशेष चौकसी बरती जा रही है।

**नई दिल्ली इलाके में कहीं भी पार्क नहीं की जा सकेगी गाड़ी:** सम्मेलन के कारण नई दिल्ली इलाके में कहीं भी गाड़ी को पार्क करने की अनुमति नहीं होगी।
कहीं गाड़ी खड़ी की गई तो उसे तुरंत उठा लिया जाएगा। पुलिस थानों के सामने भी जो वाहन पार्क किए गए थे उन्हें हटा दिया गया है। पुलिस थानों में भी आम नागरिक की गाड़ी को खड़ा करने की भी अनुमति नहीं दी जा रही है।

## संपादकीय

# कश्मीर में अब होगा अमन चैन का खुशनुमा माहौल

**जम्मू** कश्मीर की वादीयो में अब अमन चैन लहराने लगा है ।कई देश और प्रदेश यहां पर्यटन के विकास के लिए और इसके अर्थ तंत्र को मजबूत करने में भारत सरकार का साथ दे रहे हैं। कश्मीर में पर्यटन फिर से फलने फूलने लगा है शांति स्थापित होने के साथ साथ ही राष्ट्रीय त्यौहार बड़े जोर-शोर से मनाया जाने लगा है। भारत सरकार काश्मीर की शांति, सद्भावना और विकास के लिए कटिबंध है। अब जम्मू काश्मीर में शांति और सद्भावना धीरे-धीरे बहाल हो रही है और प्रदेश खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है ।इतिहासकार जम्मू कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहते आए हैं' और यह अत्यंत सही भी है की जम्मू कश्मीर की लुभावनी फिजाएं सुरम्य झील, नदियां, पहाड़ पर्यटकों को लुभाती आ रही हैं' पाक समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि जम्मू कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और काश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगें। ये आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचैन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षों से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है। चुनाव कराने की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां भी तीव्रता के साथ बढ़ रही हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमाओं पर आए दिन होने वाली गोलीबारी तो शांत है। इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी आतंकी हरकतों से बाज आ गया है। वह सीमा के पास लांच पैड से लगातार आतंकी हमलावारों को भारत की सीमा में प्रवेश कराने की कोशिश कर रहा है। एक प्रकरण में विगत दिनों सीमा पार करते हुए 4 में से 3 आतंकियों को मार गिराया गया एवं एक आतंकी को पकड़कर हिरासत में भी लिया गया। पकड़े गए आतंकवादी के बयान के अनुसार पाकिस्तान तथा उसकी खुफिया एजेंसी आई, एस, आई की पूरी पोल खुल गई है। और पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा बेनकाब हो गया है। पाकिस्तानी आतंकवादियों का फिर से 1990 वाली स्थिति में कश्मीर को लाने का प्रयास किया जा रहा है। उस समय कश्मीरी पंडित हिंसा और दहशत से घबराकर कश्मीर छोड़ कर चले गए थे। उन्होंने अपनी संपत्ति को छोड़कर तस्वीर से पलायन किया था।

# इंडिया बनाम भारत-भारत की बात बताता हूं



किशन भावनानी

> माना जा रहा है सरकार जल्द ही संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम बदल कर परमानेंट भारत करने वाली है। एक तरफ भारत सरकार, भारत का नाम बदलकर भारत करने की योजना बना रही है वहीं दूसरी तरफ अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू का नाम बदल दिया है। पहले इसका नाम मिशन रानीगंजः द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू था। इस बीच बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को कहा था, भारत माता की जय। एक केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को राष्ट्रपति की तरफ से प्रेषित जी20 रात्रिभोज निमंत्रण पत्र को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया

**वैश्विक** स्तरपर भारत में बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व भंडार माना जाता है, शायद यही कारण है कि सैकड़ो वर्ष शासन करने के बाद अंग्रेजों को वापस जाना पड़ा था क्योंकि बेतहाशा बौद्धिक क्षमता के धनी स्वतंत्रता सेनानियों की अभूतपूर्व रणनीतियों से हिम्मत हारकर अपने कदम वापस ले लिए थे। खैर यह तो हमने भारत की बेसिक क्षमता बताएं, परंतु हम अभी प्रौद्योगिकी, विज्ञान, शिक्षा स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती भारतीय साख को देखें तो बौद्धिक क्षमता के बल पर ही रोज नए-नए आयामों को रचा जा रहा है। परंतु अगर हम इसी एंगल में राजनीतिक क्षेत्र पर नजर डालें तो वहां भी मानवीय बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना भरा पड़ा है। पक्ष विपक्ष के किसी भी एक्शन पर रिएक्शन जरूर देखने को मिलता है जो चौके पर छका हो जाता है, मगर दोनों पक्षों की नजर एक दूसरे की रणनीतिक क्रियाओं पर लगी रहती है, जैसे ही एक पक्ष कोई चाल चलता है तो दूसरा पक्ष फौरन उसको रेखांकित कर उस चाल की काट में मौका अपनी तरफ मोड़ने में सक्रिय हो जाता है, जो हमने अनेकों मामलों में देखे हैं। परंतु अभी कुछ दिनों से हम देख रहे हैं कि पक्ष को 2024 में पटकनी देने, सोची समझी रणनीति के तहत महागठबंधन बनाकर उसका नाम आई.एन.डी.आई.ए रखा गया है। बता दें कि संविधान के ड्राफ्ट सभा में प्रस्ताव आया था कि हमें ऐसी लाइन लिखना चाहिए, भारत जिसे इंडिया के नाम से भी विदेश में जाना जाता है, याने आजाद भारत में इंडिया प्राइमरी या प्रमुख नाम नहीं होना चाहिए परंतु दुर्भाग्यपूर्ण वह प्रस्ताव 38 के मुकाबले 51 वोटो से प्रस्ताव गिर गया था और बी आर अंबेडकर द्वारा लिखा इंडिया इज भारत वहीं पास हुआ था। बता दें कि विपक्ष अपनी रणनीति के तहत चुनाव में आई.एन.डी.आई.ए की टोटल लोकसभा सीटों में पक्ष से अधिक बैठ रही है, अगर इसी लाइन परआई.एन.डी.आई.एचला तो उनकी सफलता से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु जैसे मैंने पहले ही कहा कि एक्शन पर रिएक्शनजरूर आता है विचार आएगा तो उसपर विमर्श जरूर करने रास्ता निकाला जाएगा जिसपर रिजल्ट विशेष सत्र एक देश एक चुनाव, एक देश एक नाम और 9-10 सितंबर 2023 को जी20 के शिखर सम्मेलन के निमंत्रण पत्र




में द प्रेसिडेंट ऑफ भारत की ओर से निमंत्रण भेजा गया है जिसे रेखांकित करना होगा और विपक्ष ने तो अपने आई.एन.डी.आई.ए की काट के रूप में रेखांकित किया है जिसके कारण अनेकों नेताओं के बयान आए, बयानों पर पलटवार हुए और देखते ही देखते यह राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बन गया है। चौराहा गलियों मोहल्ला टीवी चैनलों पर डिबेट शुरू हो गया है ।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 पास आया- विपक्ष ने गठबंधन इंडिया बनाया- पक्ष ने जवाब भी अवसर भारत शब्द पर फोकस लगाया। साथियों बात अगर हम भारत शब्द के तूल पकड़ने और सियासत होने की करें तो, दरअसल राष्ट्रपति की ओर से 9 सितंबर को जी-20 कार्यक्रम के दौरान भारत मंडपम मेंआयोजित होने वाले डिनर के निमंत्रण पत्र में द प्रेसिडेंट ऑफ भारत की ओर से न्योता भेजा गया है। इसी निमंत्रण पत्र पर छपे भारत शब्द को लेकर अब सियासत होने लगी है।

राजनीतिक पार्टियों का कहना है कि सरकार देश के नाम पर भी हमला कर रही है। विपक्षी पार्टी नेता ने कहा कि जब संविधान के अनुच्छेद एक में कहा गया है भारत जो की इंडिया था वह राज्यों का संघ है,तो उसमें इंडिया शब्द को क्यों हटाया जा रहा है। हालांकि दूसरे नेता कहते हैं कि जब संविधान में इंडिया और भारत दोनों का जिक्र है, तो इसमें संवैधानिक तौर पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। लेकिन इस नाम को लेकर सिर्फ मुख्य पार्टी ही नहीं बल्कि पक्ष नेताओं की ओर से भी बाकायदा भारत के समर्थन में ट्वीट और बयान दिए जा रहे हैं। क्या अब अपने देश को इंडिया के नाम की बजाय भारत के नाम से ही प्रचलित किया जाएगा ? राजनीतिक गलियारों में कहा यही जा रहा है कि आने वाले संसद के विशेष सत्र में देश को आधिकारिक तौर पर रिपब्लिक ऑफ भारत कहे जाने वाले प्रस्ताव को पास कराया जा सकता है। लेकिन संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि देश के संविधान में इंडिया, दैट इज भारत' का पहले से ही जिक्र है। इसलिए इंडिया और भारत यह दोनों नाम संविधान में दर्ज हैं और एक दूसरे के पर्यायवाची हैं संविधान विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर में बदलाव तकरीबन नामुमकिन जैसा ही है। वहीं देश के सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि इंडिया को आधिकारिक तौर पर भारत पुकारे जाने से क्या सत्ताधारी पार्टी को कोई बड़ा सियासी लाभ मिलसकता है या नहीं? पूरे देश में इस समय इंडिया बनाम भारत की डीबेट तूल पकड़ रही है।

माना जा रहा है सरकार जल्द ही संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम बदल कर परमानेंट भारत करने वाली है। एक तरफ भारत सरकार, भारत का नाम बदलकर भारत करने की योजना बना रही है वहीं दूसरी तरफ अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू का नाम बदल दिया है। पहले इसका नाम मिशन रानीगंजः द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू था ।इस बीच बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को कहा था, भारत माता की जय। एक केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को राष्ट्रपति की तरफ से प्रेषित जी20 रात्रिभोज निमंत्रण पत्र को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर साझा किया, जिसमें उनको प्रेसिडेंट ऑफ भारत के रूप में संदर्भित किया गया है। इस कदम से विपक्ष के उस आरोप को बल मिला है कि सरकार देश का नाम केवल भारत करने और इंडिया नाम हटाने की योजना बना रही है।

साथियों बात अगर हम इंडिया बनाम भारत की डिबेट के तूल पकड़ने की करें तो, पूरे देश में इस समय इंडिया बनाम भारत की डीबेट तूल पकड़ रही है। माना जा रहा है सरकार जल्द ही संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम बदल कर परमानेंट भारत करने वाली है। राजनीतिक गलियारों में कहा यही जा रहा है कि आने वाले संसद के विशेष सत्र में देश को आधिकारिक तौर पर 'रिपब्लिक ऑफ भारत' कहे जाने वाले प्रस्ताव को पास कराया जा सकता है। वहीं देश केसियासी गलियारों में इस बात की चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि इंडिया को आधिकारिक तौर पर भारत पुकारे जाने से क्या सत्ता धारी पार्टी को कोई बड़ा सियासी लाभ मिल सकता है या नहीं।

साथियों बात अगर हम इंडिया बनाम भारत मुद्दे पर संविधान विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं के विचारों की करें तो, हालांकि संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि इंडिया और भारत के नाम को लेकर किसी तरीके का कोई संवैधानिक विवाद नहीं है। एक प्रोफेसर कहते हैं कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 कहता है, इंडिया जो कि भारत है, राज्यों का एक संघ होगा। ऐसे में इंडिया और भारत के नाम के इस्तेमाल को लेकर संवैधानिक रूप से कोई संकट नहीं है। वह कहते हैं कि अगर इसके सियासी मायने तलाशे जाएंगे तो निश्चित तौर पर राजनीतिक टकराहट बढ़ेगी।

वह कहते हैं कि यह पहला मौका नहीं है जब भारत का नाम इस तरह से इस्तेमाल किया गया। ऐसे पहले भी कई मौके आए जब इंडिया की जगह पर भारत के नाम का जिक्र हुआ। जब संविधान में इसका जिक्र है कि फिर इस तरीके के निमंत्रण पर होने वाले विवाद का मतलब महज सियासी ही माना जा सकता है।

## कविता

### मैंने कभी ईश्वर को नहीं देखा

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां मैं मुझे ईश्वर दिखाई दिए।

मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।

फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा
मां
से मिलता जुलता।

फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है

संजीव

# भूलने की अवस्था पर कैसे काबू पाएं

विजय गर्ग

**हम** यह भी जानते हैं कि जिस क्रम में जानकारी प्रस्तुत की जाती है वह बहुत मायने रखता है जब यह बात आती है कि हम इसे अपनी अल्पकालिक मेमोरी में कितने समय तक संग्रहीत करते हैं, इसलिए ऐसे कई कारक हैं जो मेमोरी पुनर्प्राप्ति और अवधारण की हमारी क्षमता पर निर्भर करते हैं।

**अंतराल दोहराव के साथ भूलने की अवस्था को हराएँ:** जानकारी को बेहतर ढंग से बनाए रखने के लिए आप जिस पहली रणनीति का उपयोग कर सकते हैं उसे अंतराल पुनरावृत्ति कहा जाता है, एक साक्ष्य-आधारित तकनीक जो शिक्षार्थियों को जानकारी के कई टुकड़ों को अवशोषित करने और उन्हें उनकी स्मृति में संग्रहीत करने में मदद करती है। मूलतः, आपको सामग्री का कई बार अध्ययन करना होगा, प्रत्येक समीक्षा के बीच स्वयं को स्थान देना होगा। आप सामग्री का अध्ययन किए बिना कितना समय बिताते हैं यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसे पहले से ही कितनी अच्छी तरह याद कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, किसी कठिन कक्षा के नोट्स की समीक्षा उस कक्षा के नोट्स की समीक्षा करने की तुलना में अधिक बार की जानी चाहिए जहां आपको वास्तव में अवधारणाएं मिलती हैं। व्यक्तिपरक रूप से यह निर्णय लेने के बजाय कि आप जानकारी को बनाए रख रहे हैं और इसकी समीक्षा करने की आवश्यकता है या नहीं, लीटनर प्रणाली का उपयोग करने का प्रयास करें, जो आपको पिछली बार किसी विशेष फ़्लैशकार्ड का सही ढंग से उत्तर देने के आधार पर अपने अध्ययन को शेड्यूल करने में मदद करता है।

व्यस्त सीखने के साथ भूलने की अवस्था को हराएँ

शिक्षण संसाधन अनुशंसा करते हैं कि शिक्षक बच्चों को भूलने की प्रवृत्ति को दूर करने में मदद करने के लिए पाठों को अधिक आकर्षक बनाने के तरीकों का उपयोग करें, लेकिन आप उसी विचार को अपने व्यक्तिगत अध्ययन पर लागू कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, जब आप नई जानकारी पढ़ रहे हों, तो ऐसी तकनीकों का उपयोग करें जो आपको सामग्री में तल्लीन रहने में मदद करें। उदाहरण के लिए, कोल्ब के सीखने के चक्र के लेंस के माध्यम से नई जानकारी की जांच करने का प्रयास करें, जो इस विश्वास पर निर्भर करता है कि वास्तव में कुछ सीखने के लिए आपको ठोस सीखने, चिंतनशील अवलोकन, अमूर्त अवधारणा और सक्रिय प्रयोग की आवश्यकता है। या किसी विषय पर अपनी प्रगति को ट्रैक करने के लिए रद3फजैसी आलोचनात्मक-सोच पद्धति का उपयोग करें। रद3फके साथ, आप सामग्री की समीक्षा से जो कुछ भी एकत्र कर सकते हैं उसे थोड़ा लिखेंगे, फिर उन प्रश्नों को लिखेंगे जिनका उत्तर आप इसे अधिक गहनता से पढ़ते समय देना चाहते हैं, ताकि आप आगे बढ़ने के साथ-साथ खोज में लगे रहें। आपके प्रश्नों के उत्तर. तकनीक आपको समय-समय पर अपने नोट्स की समीक्षा करने के लिए भी कहती है, जो अंतराल पुनरावृत्ति के साथ बिल्कुल फिट बैठता है।

## विचार

# बड़ी ढीठ है भारतीय जन के मन की चिरैया

जिस काम को करने के लिए मना किया जाता है, उसी को नियमों का उल्लघंन कर, कार्यरूप देना, मानवीय प्रवृत्ति है। आजकल भारतवासियों में तो इस प्रवृत्ति का विकृत रूप मिलता है। 'नो पार्किंग' वाले स्थान पर अपने वाहनों को खड़ा करना तो जैसे आम बात है। जो न केवल सड़कों पर अनावश्यक बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का भी कारण बनते हैं। भारत में "नो पार्किंग" जोन में वाहनों की पार्किंग एक आम समस्या है और इससे कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। "नो पार्किंग" जोन में अनधिकृत पार्किंग यातायात के प्रवाह को बाधित करती है, जिससे भीड़भाड़ होती है। अवैध रूप से पार्क किए गए वाहन ब्लाइंड स्थल बनते हैं और पैदल चलने वालों और अन्य वाहनों की दृश्यता में बाधा उत्पन्न करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। जब लोग "नो पार्किंग" जोन में पार्क करते हैं तो कानूनी पार्किंग स्थान कम हो सकते हैं, जिससे उन लोगों के लिए असुविधा हो सकती है जिन्हें पार्किंग स्थल खोजने की आवश्यकता होती है। भारत में यातायात संकेतों का जानबूझकर उल्लंघन, जैसे लाल बत्ती चलाना या यातायात नियमों की अवहेलना भी भारतीय जनमानस की आदत में शुमार हो चला है सकता है। कुछ चालक अधीरता या समय बचाने की इच्छा के कारण जानबूझकर यातायात संकेतों का उल्लंघन करते हैं। अति आत्मविश्वास वाले ड्राइवर यह मानते हैं कि वे सिग्नल बदलने की प्रतीक्षा किए बिना चौराहों पर सुरक्षित रूप से निकल सकते हैं । कुछ व्यक्ति जोखिम भरे ड्राइविंग व्यवहार में संलग्न होते हैं, जानबूझकर यातायात संकेतों की अनदेखी करते हैं, यह विश्वास करते हुए कि वे पकड़े नहीं जाएंगे । अतः इस बात पर जोर देना अब महत्वपूर्ण हो चला है कि भारतीय जनमानस के मन में यह बात बिठाई जाए कि यातायात संकेतों का जानबूझकर उल्लंघन अवैध है और चालक, यात्रियों, पैदल यात्रियों और अन्य सड़क उपयोगकताओं के लिए सुरक्षा जोखिम पैदा करता है। शिक्षा और जागरूकता अभियान ही जानबूझकर उल्लंघन को हतोत्साहित करने और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार के ढीठपन को बदल पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसी तरह आम भारतीय जनमानस की एक अन्य आदत यह भी विकसित हो चली है जिसमें अस्पताल, विद्यालय वगैरह संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास जहां हार्न का प्रयोग निषेध होता है, अक्सर उन्हीं क्षेत्रों में हार्न का खुलकर प्रयोग किया जाता है। नतीजतन विद्यार्थियों की पढ़ाई में तो विघ्न पड़ता ही है, जीवन और मौत से जूझ रहे मरीजों के लिए भी यह घातक सिद्ध होता है। इसी तरह लाउडस्पीकर का दुरुपयोग भी आम बात है। भले ही सार्वजनिक उत्सव हो या धार्मिक अथवा चुनावी माहौल, लाउडस्पीकरों से ध्वनि प्रदूषण करना अपनी शान समझा जाता है।

भारत में लाउडस्पीकर का उपयोग स्थानीय ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण कानूनों और दिशानिर्देशों द्वारा नियंत्रित होता है। कई स्थानों पर, शोर की गड़बड़ी को कम करने के लिए, विशेष रूप से रात के समय और आवासीय क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध है। हालाँकि, धार्मिक त्योहारों, राजनीतिक रैलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान, लाउडस्पीकरों का अक्सर बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है, जिससे कभी-कभी ध्वनि प्रदूषण संबंधी चिंताएँ और विवाद होते हैं। नियम और प्रवर्तन अलग-अलग राज्यों और शहरों में अलग-अलग हो सकते हैं, इसलिए आयोजनों के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग करते समय स्थानीय नियमों से अवगत होना और आवश्यक परमिट प्राप्त करना आवश्यक है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने धार्मिक समारोहों में लाउडस्पीकर के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया था। हालाँकि, न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण को कम करने और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए धार्मिक त्योहारों और समारोहों के दौरान लाउडस्पीकर के उपयोग को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश और निर्देश जारी किए हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# चलो चांद के पार चले

रेखा शाह आरबी

**यह** पुरुष जगत सदा से स्त्री को कमअक्ल समझता चला आ रहा है। और स्त्रियों को बेवकूफ बनाता चला आ रहा है । स्त्रियां भी अपने भोलेपन में बेवकूफ बनती चली आ रही है। पुरुष हमेशा से स्त्रियों को चांद की उपमा दे देकर उन्हें बहलाता फुसलाता रहा है । और स्त्रियां उसे तारीफ समझ-समझ कर फुल कर कुप्पा होती रही इतरातीं इठलाती रही है। चांद की उपमा पा-पाकर अपने को धन्य भाग समझती रही। पर सच ही कहा गया है ...सब दिन ना होत एक समाना, झूठ की मटकी एक दिन फूटनी ही थी और सच्चाई एक न एक दिन सामने आ ही जाती है अब चांद की सच्चाई पूरी दुनिया के सामने है। अब जब से इसरो के वैज्ञानिकों ने चांद की कलई पूरी दुनिया के सामने खोल कर रख दी है कि ..चांद में कुछ भी सुंदर सलोना नहीं है चांद में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे स्त्रियां अपनी तुलना उससे होने पर प्रसन्नता महसूस कर सके। अपने सौंदर्य को विशेष महसूस कर सके। बल्कि चंद्रमा पर तो ऊबड -खाबड़ , गड्ढे -सडढे बने हुए हुए है तो स्त्रियों को 440 वोल्ट का झटका लगा और लग चुका है । कुछ तो चांद की सच्चाई जानकर कोमा में भी जा चुकी है कि.. यह क्या सोचा था और क्या निकला जिस तारीफ को वह गुलाब का फूल समझती थी वह तो सड़ा हुआ गोबी का फूल निकल चुका है। कुछ देवियों को तो इतना गहरा सदमा लगा है कि चांद का चांद का नाम सुनते ही अनासाय ही चेहरे पर हाथ उनका चला जा रहा है कि सच में कोई पिंपल या डार्क स्पॉट तो नहीं है । स्त्रियों का दिल टूट चुका है चंद्रमा की सच्चाई जानकर और सबसे ज्यादा उन्हें गुस्सा उन पुरुषों पर आ रहा है जो उन्हें चांद कह कर और चांद सा मुखड़ा कहकर उन्हें बहलाते फुसलाते थे। पुरुषों के समक्ष भी बहुत ही गंभीर और एक विशाल समस्या आन पड़ी है अब वह किस चीज की उपमा देकर स्त्री जगत को प्रसन्न रखेंगे । पुरुष जगत को बहुत पहले से यह ज्ञात है की स्त्री को चाहे सच या झूठ उसके सुंदरता की प्रशंसा करके ही उसको प्रसन्न रखा जा सकता है । दुनिया की किसी भी कोने की स्त्री हो उसे अपने सुंदरता की प्रशंसा सुनना सर्वाधिक पसंदीदा काम है।

## नंगा सिंह का फैशन

डॉ. सुरेश कुमार

**अर्थशास्त्र** के अनुसार किसी वस्तु की अति हो जाती है तो तब वह पतन की ओर जाती है। आदिम युग में रहने वाला आदमी नंगा था। लोक लाज के ख्याल से पत्ते, फिर जानवर के चमड़े, फिर कपड़े पहनने लगा। अब एकदम उल्टा होने लगा है। बआज का फैशन सफलता की ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए कमर की अंतिम नीचाइयों पर चमत्कारिक रूप से टिका हुआ है। की-यारा से लेकर दी-पिका तक की कमर के अंतिम छोर पर एक रेखा होती है जिसे सिनेमाई शहर में एलओसी कहा जाता है।

जैसे गरीबी की रेखा होती है लेकिन दिखाई नहीं देती वैसे ही फैशन की भी रेखा होती है जो कितनी भी आंखें फाड़ लो, दिखाई नहीं देती है। एलओसी एक आभासी रेखा होती है सुधिजन जिसकी कल्पना करते पाए जाते हैं। साहब नंगा सिंह का टेंशन इसी एलओसी से शुरू होता है। नंगा जी को चिंता तो तभी होने लगी थी जब देश में लड़किया नंगी घुमाई जा रही थीं। लेकिन अब तो कपड़े की जरूरत ही नहीं है। टीवी खोलते ही नंगा जी का चेहरा तमतमाने लगता हैं। उस पर नंगा जी का दीदे फाड़ कर बार-बार देखना हीराइनों का जीना हराम कर दिया है। पता नहीं फैशन करता हैं या जादू !! मुए लड़कियाँ हय-हय, अश-अश करते बस बेहोश ही नहीं हो रहे हैं। जी चहता है कि सच्चे आशिक मजनू को पत्थरों से मारकर हिसाब बराबर कर लें बेवफाओं से। लेकिन मजबूरी ये कि बस नहीं चलता किसी पर। पिछले दिनों नंगा सिंह ने असंभव होने के बावजूद जब एलओसी को नीचे की ओर पूरा सरका दिया तो हीरों को छोड़ो हीरोइनों का धंधा चौपट होने लगा था। डाक्टर ने आदतन सवाल किया कि आपको किस बात का टेंशन है? जवाब में उनके टेंशन का लावा बह निकला - हवा-पानी के असर से कभी कभी पहाड़ भी भरभरा कर गिर जाते हैं।

किसी दिन लगातार सिक्स पैक बनता जा रहा बदन धोखा दे गया तो टीवी वाले महीनों तक, बल्कि तब तक दिखाते रहेंगे तब तक कि देश की पूरी एक सौ चालीस करोड़ जनसंख्या की दो सौ अस्सी करोड़ आंखें तृप्त नहीं हो जातीं। हमारी सरकार किसी सिक्स पैक की रक्षा नहीं कर पा रही है !! क्या होगा देश का ?

## न्यूज फ्लैश

### मनोज गोहाना ने भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ की बधाई दी



**सोनीपतः गोहाना** की पुरानी अनाज मंडी में प्रदेश महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर अपने साथियों के साथ केक काटकर बधाई दी । मनोज गोहाना ने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व को मजबूती देने के लिए तथा सर्वमान्य राष्ट्रीय नेता भारत जोड़ो यात्रा के प्रणेता माननीय राहुल गांधी जी की आवाज को और अधिक बुलन्द करने का कार्य करेंगे। मनोज गोहाना ने कहा आज देश में नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम किया है तो राहुल गांधी जी ने किया है इस यात्रा का मकसद था देश में लोगों के बीच में जा जाकर लोगों की मन की बात सुनना, दुख डर जानना चाहते थे और उन्होंने किया।आज पूरा देश भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ मना रहा है और लोगों में उत्साह है । इस अवसर पर सुभाष गोयल,प्रवीण सिंगला ,राकेश जिंदल, सुरेंद्र जैन,सागर गोयल, रिंकू, सोनू,विकास, दिनेश कुमार, दीपक, देवेंद्र, राजेश, आदि मौजूद रहे।


समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)


# गुरुद्वारा पहुंचे एचएसजीपीसी के प्रधान भूपेन्द्र सिंह

## बोले- मैं भी चाहता हूं कि चुनाव हों और कमेटी ही प्रबंधन को संभाले

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल के मंजी** साहब गुरुद्वारा पहुंचे नवनियुक्त प्रधान भूपेंद्र सिंह असंध ने कहा कि मैंने एचएसजीपीसी के सभी पदों से अपना त्यागपत्र दे दिया था। अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है और मैं इसको अच्छे से निभाऊंगा। मैं 27 साल से शिरोमणि प्रबंधक कमेटी से जुड़ा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं भी चाहता हूं हरियाणा में जल्द ही एचएसजीपीसी के चुनाव हों और चुने हुए मेंबर ही प्रबंधन को संभाले। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हम मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले थे। उनसे हमने कहा था कि जो वोट बनाने के फॉर्म हैं, वह हिंदी की जगह पंजाबी में होने चाहिए। उन्होंने हमारी बात मान ली है। अब फॉर्म पंजाबी में होंगे और उसके साथ हमने एक और बात रखी थी कि सहजधारी के वोट न बने, केसाधारी के ही वोट बने। यह भी उन्होंने मान लिया।



भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आने वाली 15 सितंबर को दोबारा हरियाणा भर के उपायुक्त की मीटिंग होगी। हम भी इसमें शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले दो महीने में वोट बन जाएगी। उसके बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव के लिए जो भी वोटर लिस्ट या स्क्रूटनी की प्रक्रिया है वह पूरी होगी। इसके बाद उसके बाद चुनाव होगा।

वहीं जब उनसे पूछा गया कि पिछले दिनों हरियाणा कमेटी का जो विवाद गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में हुआ था, उसको लेकर आज अकाल तख्त साहिब अमृतसर से एक कमेटी जांच करने के लिए गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब अंबाला में पहुंच रही है। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी मेरे से बातचीत हुई थी। आज मैंने उनको कहा था कि मैं कहीं व्यस्त हूं। मैं नहीं आ सकता, लेकिन फिर भी जो भी कुछ मेरे से सहयोग मांगेंगे मैं दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं ना इसमें शिकायत करता हूं और ना ही मैं कोई अपराधी हूं, लेकिन उन्होंने कहा था कि सभी मेंबर आए। इसलिए मैंने जाना था, लेकिन व्यस्तता के कारण मैं नहीं जा सका। यह उनको मैंने बता दिया था।

भूपेंद्र सिंह असंध ने कहा कि हमारा मकसद यही है कि गुरुघर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार हो, कीर्तन हो व शिक्षा का प्रसार बढ़, इन चीजों पर मेरा और मेरी पूरी कमेटी का फोकस रहेगा। मैं पिछले 27 साल से शिरोमणि प्रबंधक कमेटी का सदस्य रह चुका हूं और मुझे सभी तरह के प्रबंधों की जानकारी है।

## पानी के कैंपर विवाद में एक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पुरानी** सब्जी मंडी के पास पानी के कैंपर को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान एक पक्ष के व्यक्ति को छाती में गंभीर चोटें आई। उसे इलाज के लिए करनाल के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। व्यक्ति की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतक के भतीजे प्रकाश ने कहा कि उनका पुरानी सब्जी मंडी के पास कैंपर सप्लाई करने का गोदाम है।



उनकी दुकान के पास ही एक शोरूम है। गुरुवार को 54 वर्षीय मदन लाल निवासी पाल नगर व दो लडके पानी की सप्लाई करने के लिए गए थे। इस दौरान उनका एक पानी का कैंपर आरोपियों की दुकान पर दिखा। जब मदन लाल आरोपियों से कैंपर लेने के लिए गया तो उन्होंने उसके साथ लडाई-झगड़ा शुरू कर दिया।परिजनों का आरोप है शोरूम के मालिकों ने उनका कैंपर चोरी किया था। उसी को लेने के लिए मदन लाल गया था, जहां पर उनके साथ कहासुनी हो गई।

## कार्रवाईः धान घोटाले में दो इंस्पेक्टर गए जेल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**कस्बा असन्ध** अनाज मंडी में हुए धान घोटाले में दोनों इंस्पेक्टरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोप है कि इन दोनों ने ही मिलकर फर्जी तरीके से धान दिखाकर गबन किया था। सरकार को मामले की भनक लगी तो सख्ती शुरू की। नतीजन जांच होने के बाद इन दोनों की संलिप्तता मिली। लिहाजा दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को एक दिन के रिमांड पर भेज दिया है। रिमांड के दौरान पुलिस दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई, जिसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल साल 2021-22 में असंध की नई



अनाज मंडी में बड़े ही शातिर तरीके से फर्जी पोर्टल पर डाटा अपलोड किया और धान की खरीद दिखा दी। ऐसे में खरीददार मुनीश ने करनाल रेंज के आईजी को आढ़ती रामदत्त शर्मा के विरुद्ध एक शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि आढ़ती ने फर्जी पोर्टल से 5180 क्विंटल धान खरीद की थी। शिकायत में आरोप था कि आढ़ती ने यह धान बाहर के राज्यों से सस्ते रेट में लाकर यहां फर्जी पोर्टल पर दिखा सरकार से धोखाधड़ी की है। मार्केट कमेटी और खरीद एजेंसी ने किसान की धान पर मुहर लगाई और राइस मिलरों ने धान को स्वीकार किया है। ऐसे में फजीर्वाड़ा कैसे हुआ, इसका खुद अंदाजा लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं शिकायत में यह भी बताया गया कि किस मिल में कितनी धान गई। करनाल के बीआरसी ओवरसीज राइस मिले में करीब 4300 क्विंटल, जय गोविंदा राइस मिल में करीब 300 क्विंटल, श्रीबांके बिहारी राइस मिल में करीब 580 क्विंटल धान पहुंचाया गया है। किसानों के खाते में पहुंची राशि को लेकर जब संबंधित आढ़ती फरार हो गया तो मिल संचालकों की चिंता बढ़ गई। सरकार फर्जीवाडा करने वालों के खिलाफ शुरू से ही सख्त रही है। वर्ष 2022-23 में भी मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर गडबडियां सामने आई। जिसके बाद सीएम फ्लाइंग की एंट्री असन्ध और जुंडला मंडी में हुई।

## सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**भागे** हुए जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री जसबीर कौर ने निरीक्षण के लिए करनाल की पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया, जिसका उद्देश्य जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर करना था, ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।

उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 07 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जोड़ों के साथ व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई। उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं। सेफ हाउस में भोजन की लागत जोड़ों से ली जाती है। कपल्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। सेफ हाउस के इंचार्ज को परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।

उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें आस-पास साफ-सफाई रखने की समझाइश दी। रनवे कपल्स से बातचीत के दौरान किसी भी कपल की ओर से उनके ठहरने और सुरक्षा को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। ऐसा कोई भी भागा हुआ जोड़ा डीएलएसए के कार्यालय में कार्यरत किसी भी सहायता के लिए संपर्क कर सकता है।

## कम उम्र के बच्चों के चालान काटने का काम जोरों पर

**समालखा/कमाल हुसैन**

**समालखा** में एसपी अजीत शेखावत के निर्देशानुसार कम उम्र के बच्चों के चालान काटने का काम जोरों पर चलाया हुआ है। राजेश राठी हाईवे इंचार्ज को इसकी जिम्मेवारी दी गई है। वहीं राजेश राठी ने बताया कि कई दिन पहले पानीपत में स्कूटी सवार एक छात्र की मौत हो गई थी। इसके चलते एसपी द्वारा सख्त आदेश जारी किए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। स्कूल में बच्चे बुलेट, बाइक या स्कूटी से बगैर हेलमेट के जाते हैं। इतनी तेज बाइक चलाते हैं की अंदाजा ही नहीं, कट मारते हैं, पटाखे छोड़ते हैं।


## ट्रक व कैंटर की टक्कर में जींद के ड्राइवर व क्लीनर की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले** के गगसीना गांव के पास केंटर को सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में केंटर ड्राइवर व क्लीनर की मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद केबिन में फंसे दोनों व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद ड्राइवर अपने ट्रक को लेकर मौके से भागने लगा तो राहगीरों ने उसे पकड़ लिया।

जींद के पाजू कलां निवासी प्रमोद ने बताया कि उसका पिता महेश चंद्र बीती रात करीब 12 बजे अपने क्लीनर नरेन्द्र वासी मुआना सफीदों के साथ करनाल में सामान उतारने के बाद वापस अपने घर जा रहे थे। जब वह गांव गगसीना से मुनक की तरफ निकले तो सामने आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने केंटर को टक्कर मार दी।

प्रमोद ने बताया कि वह रात को करनाल काम से आया हुआ था। उसके सामने ही यह हादसा हुआ। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। जब वह पास गया तो देखा की उसका पिता व क्लीनर नरेन्द्र ट्रक में बुरी तरह से फंसे हुए थे। राहगीरों की मदद से केबिन को उखाडकर करीब 30



मिनट बाद दोनों को बाहर निकाला गया।

प्रमोद ने बताया कि दोनों को बाहर निकालने के बाद करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज मे लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके पिता महेश चंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि नरेन्द्र की हालत को गंभीर देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया, जिसकी वहां पर मौत हो गई।

हादसे के बाद जब ट्रक चालक ट्रक को लेकर लेकर मौके भागने लगा तो राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और उसका नाम पता चैक किया तो आरोपी लखविन्द्र सिंह निवासी गसगढ पंजाब का निकाला। पुलिस ने आरोपी व ट्रक को कब्जे में ले लिया।

मूनक थाना के जांच अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आज पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया।

## विवाहिता के फोटो एडिट कर दो लाख हड़पने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**थाना असंध** के अंतर्गत आने वाले एक गांव में विवाहिता को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने विवाहिता की फोटो को एडिट किया और उनके माध्यम से ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। शादी से पहले आरोपी युवती से उसकी शादी तुड़वाने की धमकी देकर दो लाख रुपए ले चुका था। लेकिन अब वह दोबारा विवाहिता से पैसे की डिमांड करने लगा। बुधवार को रुपए लेने गांव आया तो उसे रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया।

विवाहित युवती ने पुलिस को दी



शिकायत में बताया है कि हिसार के बवानी के रहने वाले युवक दयानंद ने मेरी कुछ फोटो एडिट करके मुझे भेजी और बोला कि मुझसे विवाह कर ले। उस टाइम मेरे विवाह के 20 दिन ही बाकी थे। उसने फोटो वायरल न करने की गुहार लगाई। तब जाकर वह बोला कि मुझे एक वीडियो बनाकर भेजो, जैसी मैं चाहता हूं। बेइज्जती के डर से उसने वीडियो भेज दी। लेकिन फिर युवक ने उसे पैसों के लिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि मैंने किसी तरह से 2 लाख रुपए आरोपी को दे दिए, फिर आरोपी कुछ दिन चुप रहा। फिर बोला की तू मुझे बस बात कर लिया कर मैं उससे बात करती रही। बुधवार को वह मेरे से 1 लाख 50 हजार रुपए और दोनों कानों की बालियां व मंगलसूत्र लेने के लिए आया था। जिसने पति व बच्चे को मारने की धमकी दी और वीडियो वायरल करने के लिए भी कहा।

शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी अब मुझ पर दबाव बना रहा था कि अपने पति से तलाक ले और इससे 20 लाख रूपए ले और दहेज का केस करके मेरे पास आजा। नहीं तो में तेरी फोटो और वीडियो वायरल करके तेरी लाइफ बर्बाद कर दूंगा और बुधवार शाम को यह ब्लैकमेलिंग के पैसे लेने मेरे गांव में ही आया हुआ था, जिसे हमने रंगे हाथ पकड़ लिया और 112 पर कॉल किया।

## ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने 2024 में अपनी 15वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 2000 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की

**ओ.पी.** जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की ओर से एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई, जिसके तहत आगामी शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 से अधिक योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बेहद होनहार युवा छात्रों को अव्वल दर्जे की गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुँचने के समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाले इस पहल की शुरूआत की गई है। साल 2024 में JGU की 15वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी, और इसी खास अवसर के उपलक्ष्य में वर्ष 2024-25 के आगामी बैच के लिए 2000 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इससे 2024 में दाखिला लेने वाले 60% से अधिक नए छात्रों को JGU में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

JGU ने लंबे समय से बहुलवाद, विविधता और समाज के हर तबके को शामिल करने की अहमियत को अपना समर्थन दिया है। इस ऐतिहासिक घोषणा के अवसर पर, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक उपकुलपति, प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार ने संस्थान के मूल सिद्धांत को दोहराते हुए कहा कि "हमें इस बात की बेहद खुशी है कि, हम बदलाव लाने वाली एक नई पहल की शुरूआत करते हुए वर्ष 2024 में अपने आने वाले छात्रों को 2000 से अधिक छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की घोषणा कर रहे हैं।

## आम जनता को परेशान करना बंद करे भाजपा सरकारः सुमिता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा करनाल की जनता के साथ 10 सितम्बर को जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी लोगों से रूबरू होंगे। उन्होंने बताया कि जन मिलन कार्यक्रम का आयोजन रेलवे रोड स्थित एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल किया जाएगा।

सुमिता सिंह ने सेक्टर 4 में देवी सिंह द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जन मिलन कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि एसबीएस स्कूल में शाम 4 बजे पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जनता से



मिलेंगे।वह शिकायतों और समस्याओं को सुनेंगे। कोई भी व्यक्ति जन मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी बात रख सकता है। कांग्रेस सरकार आने पर जनमुद्दों व समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।

उन्होंने कार्यकताओं के साथ मीटिंग में कांग्रेस को मजबूत करने के विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि 9 साल में करनाल में समस्याओं का अंबार लग गया है। जनता इससे निजात पाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश की भोली-भाली जनता को ऑनलाइन पोर्टल की लाइन में लगा दिया गया है, वहीं किसानों से फसलों का विवरण खाद के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने को कहा जा रहा है। ऐसी नीतियां बना दी गई है, जिससे जनता का जीना मुश्किल हो रहा है। सुमिता सिंह ने कहा कि यही नहीं लोगों के बीपीएल राशन कार्ड काटकर प्रदेश में लगभग 10 लाख लोगों के राशन कार्ड खत्म कर दिए गए हैं। पीपीपी के फेर में प्रदेश के लाखों परिवार उलझे हुए हैं। लाखों लोगों को इस पीपीपी के कारण सरकारी योजनाओं का पात्र होने के बावजूद इनसे वंचित कर दिया गया है। इस अवसर पर देवी सिंह, श्याम लाल, परमाल, अनु बत्रा, राजू छाबड़ा, बलवान मलिक, विजय कुमार, आकाश, गौरव, संजीव, सोमवीर, सतिंदर प्रधान शूगर मिल, सुखबीर त्यागी, सत्यवान जागलान, रोहतास लाठर, बिजेंद्र सैनी, विनोद प्रधान, अशोक, सुभाष, महेंद्र, राजपाल, शुभम, बिन्नी, बॉबी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बेड़ी टूटी हाथ की खुले बंधन पांव, प्रभु की लीला देखिये सुन्दर गोकुल गांव

**-मथुरा कारागार में जन्मे कन्हाई, गोकुल नंद घर बाजत बधाई**

**-आज गोकुल में मनाया जाएगा नंदोत्सव**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाद्र मास कृष्ण पक्ष अष्टमी की मध्यरात्रि को कंस के कारागार में अवतरित हुए वासुदेव नंदन सुबह गोकुल में नंदनंदन हो गये। कान्हा के जन्म की खुशियां गोकुल में मनाई गईं। बधाई गायन गोकुल में गाये जाने लगे। नंद के आनंद भयौ जय कन्हैया लाल की, यशोदा जायो ललना में वेदन में सुनि आई, सूर्य की पहली किरण के साथ ही गोकुल में खुशियां छा गईं। ग्वाल, ग्वालिन नंद भवन में जुटने लगे। गाजे बाजे के साथ नंद यशोदा बालकृष्ण को डोले में विराजमान कर नंद भवन से नंद चौक पहुंचे। कान्हा के जन्म की खुशियां नंद चौक पर मनाई गईं। इस बार गोकुल की छटा देखते ही बन रही है। गोकुल के चेयरमैन संजय दीक्षित ने बताया कि गोकुल धाम को कान्हा का जन्मोत्सव मनाने के लिए इस बार विशेष रूप से सजाया गया है। यमुना के घाटों से लेकर गांव की गलियों तक रंग बिरंगी विद्युत सजावट की गई है। कुल के सभी प्रवेश द्वारों पर तोरण बांधे गये हैं। आम और केला की पत्तियों के नंद चौक को सजाया गया है। परंपरागत तैयारियों के साथ ही साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यमुना में भरपूर पानी है इस लिए यमुना घाटों की शोभा भी देखते ही बन रही है।

कोई लेऊह्ल की टेर से नाम हो गया कोयला

मान्यता है कि कान्हा के प्राकट्य के बाद पिता वसुदेव कोयला घाट से उन्हें गोकुल छोड़ने गए थे। कान्हा के चरण छूने को बेताब यमुना की लहरें देख घबराए वासुदेव ने पुकार लगाई ह्लकोई लेऊह्ल। यही शब्द इस गांव के जन्म के आधार बने। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यहां कोई धार्मिक आयोजन नहीं होता, लेकिन शरद पूर्णिमा पर अवश्य तिल के तेल से भरे हजारों दीप प्रज्ज्वलित कर यमुना मैया को अर्पित किए जाते हैं।

### अपहरण का आरोपी पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना जैत पुलिस ने नाबालिग लडकी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक 13 अगस्त को थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लडकी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। अभियुक्त भगवानदास पुत्र हरिकिशन निवासी ग्राम पला थाना कुम्हेर जिला भरतपुर राजस्थान को छटीकरा फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### बेटा ही निकला पिता का कातिल

**-पुलिस बोली शराब के लिए पैसे नहीं मिलने से रहता था परेशान**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना हाईवे क्षेत्र के गांव अडूकी में बुधवार की रात को हुई हत्या की घटना का थाना हाईवे पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर खुलासा कर दिया। हत्या अभियुक्त को जयगुरूदेव धर्मकांटा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। मृतक रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी के बेटे गंगा श्याम पुत्र गुलाब सिंह ने तहरीर दी थी कि वादी के पिता गुलाब सिंह रेलवे में ग्रुप डी के कर्मचारी थे जो भैंसा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी करते थे। गुलाब सिंह के दो बेटे हैं। बडा बेटा सीता राम नशेड़ी किस्म का है और नशे का आदी है, कोई काम नही करता है, लगातार नशा करने से बीमार रहता है। जिसका पिता ने काफी इलाज कराया परन्तु सीताराम नशा नही छोडता है इसलिये पिता ने सीताराम से कहा था कि जब नशा छोड़ देगा तब इलाज कराऊंगा इसी बात को लेकर बड़ा बेटा सीताराम अपने पिता से लडता लडता रहता था। पिता से रंजिश मानता था। पिता को जान से मारने की धमकी भी देता था। छह सितम्बर को सुबह करीब पांच बजे छोटा भाई अपने नोहरे पर भैंस को चारा डालने के लिए गया तो उसने देखा कि बडा भाई सीताराम नोहरे से निकलकर बाहर आ रहा था। वह नोहरे के अन्दर गया तो पिता को खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा देखा। जिसकी गर्दन व चेहरे आदि पर कटे हुए निशान बने हुए थे। नाक आदि से खून निकल रहा था पास में फावडा पडा हुआ था। जिस पर खून लगा हुआ था। इस बीच सीताराम घर से भाग निकला। थाना हाईवे प्रभारी निरीक्षक उमेश चन्द्र त्रिपाठी के मुताबिक मृतक रेलवे विभाग में ग्रुप डी कर्मचारी थे। जिनके द्वारा अभियुक्त का काफी इलाज कराया परन्तु अभियुक्त सीताराम ने नशा नहीं छोडा। अभियुक्त पिता द्वारा पैसे न देने पर झगड़ते था तथा उनसे रंजिश मानता था।

# तिथी अष्टमी भाद्रपद जन्मे कृष्ण मुरार, प्रगटे आधी रात को सोये पहरेदार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

तिथी अष्टमी भाद्रपद जन्मे कृष्ण मुरार, प्रगटे आधी रात को सोये पहरेदार। रूप चतुर्भुज देख कर मातु हुई हैरान, बाल रूप दिखलाइये, हे प्रभु कृपा निधान। भाद्र मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि, ग्रह नक्षत्रों का अद्भुत संयोग, भक्तों को अजन्मे कान्हा के आगमन का सुखद अहसास करा रहे थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर के अंदर थे तो उससे कई गुना ज्यादा भीड़ जन्मस्थान के बाहर इस बात का इंतजार कर रही थी कि वह किसी तरह



मंदिर के अंदर प्रवेश कर जाएं। घडी की सुई टिक टिक कर मध्यरात्रि के 12 के निशान की ओर बढ रही थी। इसी गति से श्रद्धालुओं की अधीरता भी अपने चरम पर पहुंच रही थी। जो श्रद्धालु भगवत भवन के अंदर थे वह किसी तरह इस क्षण तक भागवत भवन के अंदर ही टिके रहने चाहते थे। वह कान्हा के जन्माभिषेक के उस क्षण को अपनी आंखों में जन्म जन्मांतर के लिए कैद कर लेना चाहते थे जिसकी चाह में वह कोसों कोस से चलकर यहां पहुंचे थे। जीवन में ऐसा अद्भुत संयोग शायद फिर कभी उन्हें यह भी नहीं पता था। भागवत भवन में भीड़ का दबाव बढ रहा था। सेवायत और सुरक्षाकर्मी किसी के भी पैर भागवत भवन के अंदर जमने नहीं दे रहे थे। इसी जद्दोजहद में वह अद्भुत, चमत्कारिक और अलौकिक क्षण आ गया जिसकी प्रतिक्षा पूरा विश्व अधीरता से कर रहा था। धीरे धीरे भागवत भवन में भगवान के श्रीविग्रह और श्रद्धालुओं के बीच दीवार बनी खादी की वह झीनी खिसकने लगी, भक्त अब हिलने को तैयार नहीं थी, अचानक शंखनाद शुरू हो गया। पांच मिनट तक पूरा मंदिर परिसर शंखनाद की ध्वनियों से गुंजायमान होता रहा। यह इस बात की उद्घोषणा थी कि अजन्मे भगवान श्रीकृष्ण पृथ्वी पर अवतरित हो चुके हैं। श्रद्धालुओं के हाथ आसमान की ओर झूल उठे। भागवत भवन सहित पूरा जन्म स्थान और जन्म स्थान की ओर जाने वाली हर सड़क पर मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़ मथुरा में भगवान के अवतरण की साक्षी बन धन्य हो रही थी।

## राम मंदिर निर्माण 'कल-युग' में 'राम युग' के पदार्पण का शंखनाद है : अमरजीत मिश्र

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

मुंबई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने गुरुवार को यहां कहा कि अयोध्या में निमार्णाधीन श्रीराम मंदिर के भव्य-दिव्य होते स्वरूप के समानुपात में ह्यरामराजह्ल का संकल्प सिद्ध हो रहा है, लोकतंत्र अधिक सहभागी और समृद्ध हो रहा है। लोकतंत्र की जीवंतता ही रामराज की परिणति है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी की जोड़ी के दुग्ध-शर्करा योग से लोकतंत्र मजबूत हुआ है।

श्री मिश्र आज मुख्यमंत्री आवास में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर सनातन धर्म के उत्तम प्रदेश से सनातन-विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निवेदन किया। उन्होंने काशी कॉरिडोर के बाद भव्य-दिव्य राम मंदिर के निर्माण कार्य में आई तेजी के लिए मुख्यमंत्री योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि ह्यलोकरंजन से लोकमंगलह्ल की यह यात्रा लोकतंत्र को जीवंत कर रही है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर बढ़ती लोकप्रियता के लिए योगी को दी बधाई मुंबई के भाजपा नेता ने पिछले 30 दिनों में सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) पर मुख्यमंत्री योगी के बढ़े 2.67 लाख फॉलोअर्स के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की आधारशिला कल-युग में ह्यराम युग के पदार्पण का शंखनाद है।

## कान्हा की लीलाओं को देख अभिभूत हुए श्रद्धालु

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा को भव्यता के साथ सजाया गया है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना और नंदगांव तक राधे राधे की गूंज है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशभर से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया। कान्हा के जन्म के दर्शन को देश विदेश से आए कृष्ण भक्त भी रंग बिरंगी पोशाक में विभिन्न राज्यों के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देख आनंदित हो उठे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर परिसर, ठाकुर द्वारिकाधीश मंदिर, वृन्दावन के ठाकुर गोदा रंगमन्नार मंदिर, इस्कॉन के कृष्ण बलराम मंदिर सहित अनेक मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया।

अपने आराध्य के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए कई दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा था। व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए मथुरा वृंदावन को छह सेक्टर और 33 जोन में बांटते हुए मजिस्ट्रेट तैनात किये गये थे। सुरक्षा के लिए पुलिस के अलावा पीएसी, आरएएफ को तैनात किया गयौ। इस बार करीब 80 लाख लोगों के आने की संभावना को मद्देनजर रखते हुए तैयारियां की गई हैं। इसके मद्देनजर प्रशासनिक मशीनरी अलर्ट रही। वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, गोकुल स्थित सभी गेस्ट हाउस, आश्रम, होटल में कमरे पहले ही बुक हो चुके थे। किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो इसके लिए पर्यटन हेल्पलाइन नंबर जारी कर किया गया है। सुबह से श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर आयोजन शुरू हो गये थे। पहली बार करोडों लोगों ने मंगला आतरी का सीधा प्रसारण देखा।

## बाइक चोरी कर भागता युवक पकड़ा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शेरगढ़ मार्ग स्थित सिद्ध स्थली श्री झाड़ी हनुमान मंदिर के बाहर किनारे खड़ी एक श्रद्धालु की बाइक चोरी कर रहे युवक को रंगे हाथ दबोच लिया गया। इसके बाद आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। कस्बा नौहझील निवासी श्रद्धालु दर्शन करने के झाड़ी हनुमानजी मंदिर आया था। जिसने दर्शन से पूर्व बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। दर्शन के बाद जब मुकेश वापस लौट रहा था, तो उसने देखा कि एक युवक बाइक स्टार्ट कर उसकी बाइक को ले जा रहा है। जिसे देखकर उसने शोर मचा दिया। अपने आप को घिरता देख युवक अनियंत्रित होकर फिसल गया।

## यहां दिन में हुआ कान्हा का जन्म

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

देवकीनंदन के 5250 वें धरा अवतरण के उत्सव का साक्षी बनने के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब तीर्थनगरी में उमड़ पड़ा है। यूं तो श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का उल्लास पूरे देश में छाया है। धार्मिक नगरी में इस महामहोत्सव की छटा ही निराली है। ब्रजवासी अपने लाडले का जन्मोत्सव अलग ही अंदाज में मनाते हैं। यहां के कुछ मंदिरों में प्रातः बेला में ही उत्सव की धूम शुरू हो जाती है।

नगर के सप्त देवालयों के रूप मे प्रसिद्ध राधारमण मंदिर में स्वयं प्राकट्य राधारमण लाल जू का महाभिषेक किया गया। सेवायत गोस्वामी जनों द्वारा कई कुंतल गौदुग्ध के साथ दधि, घृत, मधु, शर्करा, पवित्र नदियों का जल, सुगंधित इत्र इत्यादि के अलावा



जड़ी बूटियों मिश्रित पदार्थ से लगभग दो घंटे से अधिक समय तक वैदिक रीति रिवाज से महाभिषेक किया गया। ठाकुर जी के इस दिव्य दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। महाभिषेक के उपरांत रेशम जड़ित नवीन पोशाक के साथ रत्नाभूषण धारण कराए गए। महाभिषेक के पंचामृत का कण कण पाने के लिए भक्तजन लालायित दिखाई दिए।

इसी क्रम में प्राचीन श्री राधा दामोदर मंदिर और प्राचीन शाह बिहारी मंदिर में भी ठाकुर जी के श्री विग्रह का वैदिक रीति रिवाज से महाभिषेक किया गया।

## ब्रज में श्रद्धा ले रही हिलोर, लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी**

**▶▶- कान्हा की लीलाओं को देख अभिभूत हुए श्रद्धालु**

**▶▶-लगे भंडारे, ब्रजवासियों का दिखा श्रद्धा भाव**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कान्हा की नगरी में श्रद्धा हिलोरें मार रही है। देश विदेश से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब अद्भुत दृश्य पैदा कर रहा है। अलग अलग भाषा, अलग अलग पहनावा पर हर जुबान पर राधे राधे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर सजी धजी कान्हा की नगरी की शोभा देखते ही बन रही थी।



सुसज्जित तिराहे चैराहे श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशभर से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया। कान्हा के जन्म के दर्शन को देश विदेश से आए कृष्ण भक्त भी रंग बिरंगी पोशाक में विभिन्न राज्यों के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देख आनंदित हो उठे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीकृष्ण उत्सव का आयोजन किया गया है। जगह जगह सेल्फी पाइंट भी तैयार किया, जहां लोग सेल्फी लेते नजर आये। कान्हा की भक्ति में सराबोर होकर पूरा ब्रज झूम रहा है। ब्रजवासियों का श्रद्धाभाव एक बार फिर देश दुनिया से आए श्रद्धालुओं को देखने को मिला। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में देश विदेश से श्रद्धालु मथुरा पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को बाहर से आए श्रद्धालुओं ने सहारा, पुलिस प्रशासन व नगर निगम की व्यवस्थाओं से बाहर से आए श्रद्धालु संतुष्ट नजर आए। श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह भंडारों का आयोजन किया गया। दिन भर लोग श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराने में सेवाभाव से जुटे रहे। कृष्ण जन्मोत्सव में दुनियाभर से भक्त जुटे हैं, वहीं देशभर से आए कलाकार लोगों का मन मोह रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा को भव्यता के साथ सजाया गया है। सभी मंदिर रंग बिरंगी रोशनी से नहाए हुए हैं। अपने आराध्य का जन्मोत्सव मनाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मंच पर हुए रंगा रंगा कार्यक्रम

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लीला मंच पर सुबह से ही रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो गया था। बडी संख्या में श्रद्धालु मंचीय कार्यक्रमों को देखने के लिए डटे रहे। बाहर से आये कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। शहर में भी जगह जगह कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## ड्राइविंग ही नहीं युवाओं को ऑटोमोटिव टेक्नीशियन की भी ट्रेनिंग दे रहा परिवहन निगम

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाने की अपनी मुहिम के तहत योगी सरकार अलग-अलग कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुनिश्चित रोजगार योजना के अर्न्तगत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी), उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के माध्यम से प्रशिक्षण संस्थान कानपुर में ऑटोमोटिव सेक्टर में फोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन कोर्स संचालित कर रहा है। इसमें 24 युवा आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

**24 छात्रों के साथ शुरू हुआ प्रशिक्षण**

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस कोर्स के तहत अभ्यर्थियों के आवासीय प्रशिक्षण के लिए परिवहन निगम के विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार 27 अभ्यर्थियों को रजिस्टर्ड कर लिया गया है, जिसमें से 24 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 01 सितंबर से प्रारम्भ हो चुका है। एक अभ्यर्थी एक्सीडेंट और 02 अन्य पारिवारिक कारणों से कोर्स में सम्मिलित नहीं हो सके। संस्थान द्वारा इस तरह का आवासीय कोर्स पहली बार संचालित किया जा रहा है।

**नि:शुल्क मिलेगा स्टडी मैटेरियल**

प्रवक्ता ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान के हास्टल में रहने की व्यवस्था की गई है। इन अभ्यर्थियों को एएसडीसी दिल्ली से प्रशिक्षित एवं टीओटी पास प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक अटेण्डेंस हास्टल में सुबह आठ बजे एवं रात्रि में आठ बजे तथा क्लास ट्रेनिंग के समय पूर्वाह्न 09.30 बजे एवं अपराह्न चार बजे होगा।

## विशेष लोक अदालत में 7598 लघु वादों का निस्तारण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवकाश पर लघु आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा आशीष गर्ग की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय मथुरा, तहसील छाता न्यायालय व ग्राम न्यायालय मांट में किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरू शर्मा सहित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। गुरुवार को आयोजित विशेष लोक अदालत में 9724 लघु आपराधिक वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये थे, जिनमें से 7598 वादों का निस्तारण किया गया। इससे पहले बुधवार को लगी विशेष लोक अदालत में 9137 लघु आपराधिक वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये थे।

## दोस्त को फंसाने की साजिश नाकाम, तीन गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नौहझील में दो दोस्तों में हुई तकरार में एक दोस्त दूसरे की जान का दुश्मन बन गया। विस्फोट कर वीडियो बना पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा छानबीन के बाद कस्बा से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बाकियों की तलाश जारी है।

कस्बा के टोली मोहल्ला निवासी दो युवक जावेद व रिजवान आपस में दोस्त थे। दोनों ने मिलकर बाजना रोड़ पर एक गाड़ी बनाने का गैराज खोला।

जिसे लेकर दोनों में आपस में

**तकरार**

**▶▶-विस्फोट कर बनाई थी वीडियो, लड़की के नाम से फेसबुक पर की चैट बुलाया अलीगढ़**

झगड़ा हो गया और अलग हो गए। जावेद गैराज चलाता रहा। रिजवान को यह बात नागवार गुजरी और जावेद को किसी तरह फंसाना चाहा। रिजवान द्वारा जावेद को फंसाने के लिए गैरेज में एक अवैध तमंचा रख पुलिस को सूचना देकर जावेद को पकड़वा दिया था। इसके बाद रिजवान ने एक गैंग बनाया और जावेद के खिलाफ षड्यंत्र रचा। फेसबुक पर लड़की के नाम से फर्जी आईडी बनाई व जावेद को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। दोनों में फेसबुक पर गहरी दोस्ती हो गई। जावेद को बुधवार को मिलने के लिए अलीगढ़ बुलाया। जावेद अपने दोस्त निजाम के साथ अलीगढ़ पहुंच गया। यहां पहले से घात लगाए बैठे रिजवान ने अपने पांच से छह साथियों के साथ जावेद को मिलने के लिए बताई जगह पर विस्फोट किया और मोबाइल से वीडियो बना ली। फिर रिजवान द्वारा साथी के फोन से पुलिस को जावेद व निजाम द्वारा विस्फोट करने की सूचना देकर जावेद व निजाम को फंसाने की कोशिश की गई। मोबाइल नंबर व लोकेशन के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए अलीगढ़ जिले का पुलिस फोर्स व प्रशासनिक अधिकारी नौहझील पहुंचे यहां से तीन लोगों चांद, जावेद व निजाम को उठाया लिया। बाकियों की तलाश की जा रही है। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। अभी कुछ कहना संभव नहीं है।

## राहुल गांधी की पदयात्रा का कांग्रेस ने दिया संदेश

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई पदयात्रा के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर कांग्रेसियों ने होली गेट से विकास मार्केट स्थित गांधी प्रतिमा तक पदयात्रा निकाली। उनके द्वारा होली गेट से विकास मार्केट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पदयात्रा निकाली। भारत जोड़ो नफरत छोड़ो के नारे लगाकर देशवासियों को एकजुट होने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में इससे पूर्व कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में देश की एकता



अखंडता को कायम रखने का संकल्प लिया गया। गुरुवार को कांग्रेसी होलीगेट स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए। बैठक में कांग्रेस के प्रभारी सचिव योगेश तालान भी मौजूद रहे। योगेश तालान ने कहा कि पार्टी के नेता राहुल गांधी के द्वारा एक वर्ष पूर्व जो पदयात्रा निकाली गई थी उसने देश को जोड़ने का काम किया। भाजपा देश को तोड़ने का काम कर रही है। कांग्रेस उसके मंसूबों को कभी भी पूरा नहीं होने देगी। जिला अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा निकली गई पदयात्रा से भाजपा की कलई खुल गई है। लेकिन वह लगातार देश तोड़ने का काम अब भी कर रही है। इस दौरान यतींद्र मुकदम, प्रवीण ठाकुर, मुकीम कुरैशी, प्रकाश शर्मा, विनोद आर्य, राहुल चतुर्वेदी, बृजेश शर्मा, महेंद्र पांडव, ठाकुर नरेश पाल सिंह, मनोज गौड, अशोक शर्मा, निलेश जादौन, सतीश शर्मा, गिरिराज, महेश चौबे, हर्ष कुमार, ठाकुर प्रिया पाल सिंह, चैधरी सूरज सिंह, अखलाक चैधरी, कमल शर्मा, प्रिंस कुमार, विनोद कुमार, मोहम्मद दिलशाद, वसीम कुरैशी, रोहन सिंह, कलुआ, सोनू वर्मा, दीपक पाठक, जुगल वासनी, विजय सिंह, युगल गुप्ता, पवन पंडित आदि पदयात्रा में शामिल रहे।

## खाटू श्याम मित्र मंडल ने किया डायरी का विमोचन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कोसीकलां खाटू श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में 12 सितम्बर को होने वाले खाटू श्याम जागरण के लिए दानदाताओं को गिफ्ट बतौर एक डायरी दी जाएगी जिसका विमोचन अग्रसेन नगर में खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा किया गया। उत्सव नगरी कोसीकला में साल कोई ना कोई कार्यक्रम होते रहते हैं। इसी को लेकर 12 सितंबर को विशाल खाटू श्याम जागरण का आयोजन किया जा रहा है। खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा दानदाताओं को भेंट की जाने वाली डायरी का विमोचन अग्रसेन



नगर स्थित संरक्षक कमल किशोर वासने के आवास पर किया किया गया।

जिसमें तेजवंत जैन, मुन्ना ठेकेदार, सुभाष बसिया, नरदेव चैधरी, वेद प्रकाश गोयल एवं मित्र मंडल के अध्यक्ष राहुल मंगला, मंत्री सोनू मङ्गला, अजय वार्ष्णेय, अजय गोयंका, मुकेश जैने आदि लोग उपस्थित रहे।

# 'भारत जोड़ो यात्रा ने किया सत्ता परिवर्तन का आगाज'

## भारत जोड़ो यात्रा से हरियाणा व देश में चल रही है कांग्रेस पार्टी की लहर: जून



**टी एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**भारत जोड़ो** यात्रा ने हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में सत्ता परिवर्तन का आगाज किया है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा ने देश को एकसूत्र में पिरोने का काम किया। यह बात कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए कही। विधायक राजेंद्र सिंह जून के निर्देश पर बहादुरगढ़ विधानसभा से सैकड़ो कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर झज्जर में सांसद एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के

**वर्षगांठ**

**लोगों ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकरआपसी भाईचारा बढ़ाने का काम किया है: राजेंद्र जून**

मेंबर सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में निकलने वाली पैदल पद यात्रा में शिरकत करने झज्जर पहुँचे। झज्जर रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के जयकारे लगाए।
भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश में भाजपा द्वारा की जा रही नफरत की राजनीति को खत्म करने का काम किया है।
हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोगों ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ बीजेपी की नफरत की राजनीति को खत्म करते हुए आपसी भाईचारा बढ़ाने का काम किया है। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की लहर शुरू हुई थी जो कि भावी मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के कुशल मार्गदर्शन में आज पूरी आंधी के रूप में तब्दील हो चुकी है ओर 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में नफरत, जुमलों की राजनीति करने वाली बीजेपी को जनता अपनी वोट की ताकत से कड़ा जवाब देने को तैयार बैठी है।

## न्यूज फ्लैश

### रंजिश के चलते अंबाला के खानपुर ब्राह्मणा में बुजुर्ग की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** में अपराध तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस इन अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकामयाब सिद्ध हो रही है। रंजिश के चलते अंबाला के निकटवर्ती गांव खानपुर ब्राह्मणा में बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हरिदत्त शर्मा के रूप में हुई है।
सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबाला शहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया तो वहीं बढ़ते अपराधों को लेकर लोग जहां एक ओर चिंतित है तो दूसरी ओर अपराधियों को पकड़ने में भी पुलिस को जितौड़ मेहनत करनी पड़ रही है। आज सुबह साढ़े 7 बजे हरिदत्त बच्चों को छोड़ने स्कूल जा रहा था। इस दौरान उसके पड़ोसी रमेश शर्मा ने उसे धक्का दिया और उसे पानी में डुबोकर उसकी हत्या कर दी। दोनों पक्षों में कुरड़ी को लेकर विवाद चला हुआ है। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पटवी चौकी पुलिस ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करके कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि गत दिवस अंबाला के निकटवर्ती गांव रूकड़ी के किसान की भी कहा सूनी को लेकर हत्या कर दी गई थी। जानकारी के मुताबिक, गुरनाम सिंह गत शाम को अपने खेत में गया था। यहां उसकी गांव के ही रहने वाले प्रदीप के साथ बहंस शुरू हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि प्रदीप ने गुरनाम सिंह के सिर पर डंडे से वार करने शुरू कर दिए। सिर में गंभीर चोट आने के कारण गुरनाम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। प्रदीप मौके का फायदा उठा फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।
सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ गुरनाम सिंह के शव को कब्जे में लिया और डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमाटर्म करवाया।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**शिरोमणी अकाली** दल की ओर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनावों के लिए अकाली दल के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनावों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में शिरोमणी अकाली दल के वक्ता चरणजीत सिंह बराड़ा ने बताया कि हरियाणा में जो प्रबंधन कमेटी के लिए वोट बनने जा रहे है। उनके लिए तैयारियां शुरु कर दी गई। जिसके चलते लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में भी लोगो को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अकाली दल ने कहा कि हरियाणा सिख प्रबंधन कमेटी के चुनावों के लिए नए सिरे से वोट बनाई जा रही है। जिसके लिए सिख संगत अपना आधार कार्ड की प्रति देकर अपना वोट बनवा सकते है। इसके साथ उन्होनें सरकार से भी गुहार लगाई है कि आने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनावों को लेकर अपना सहयोग करें।

### हिन्दू ह्रदय सम्राट टाईगर राजा सिंह का हरियाणा में पहली बार आने पर स्वागत, अभिनंदन- डॉ नवीन नैन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**अंतरराष्ट्रीय** मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने हैदराबाद के वर्तमान विधायक व हिन्दू ह्रदय सम्राट टाईगर राजा सिंह का हरियाणा में पहली बार आने पर स्वागत,अभिनंदन किया गया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि टाईगर राजा सिंह को हाँसी के बढसी में नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में जन्माष्टमी के प्रोग्राम के दौरान बजरंग दल के प्रमुख अनील गुज्रर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बनाया गया था। इस दौरान टाईगर राजा सिंह ने वहाँ उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू समाज को एकजुट व हमारे मंदिरों की तरफ आस्था व समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करने के लिए हिन्दुत्व को मजबूती देने की बहुत ज्यादा जरूरत है।



## 'दादा सैयद पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जायेगा'



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**सीनियर डिप्टी** मेयर राजीव सरोहा की अध्यक्षता में पंचायत की गई।
गाँव राठधना के दादा सैयद पर दादा सैयद सेवा समिति,राठधना ग्रामवासी,जगदीशपुर ग्रामवासी,बान्दीपुर ग्रामवासी के द्वारा दादा सैयद की जमीन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा करने के विषय में एक पंचायत की गई। जिसका अध्यक्ष सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा राठधना को बनाया गया। पंचायत में चर्चा उपरांत यह फैसला लिया गया कि दादा सैयद की जमीन को अवैध कब्जे से बचाने के लिए जमीन की चार दिवारी व एक कमरा बनाया जाये। यह कार्य कराने के लिये सभी समिति के सदश्यों द्वारा राशि अकत्रित की जाएगी।सभी के दादा सैयद के भले के लिए हर संगर्ष में साथ रहने का फैसला लिया। इस अवसर पर प्रिंस सरोहा,कर्षण सरोहा,रणधीर पंडित,रामपथ,नरगेश सरोहा,सुरेंद्र पहलवान,ज़िले सरोहा, रामतीरथ,महेंद्र सरोहा,संजीत मुनीम, नरेश शर्मा,सतीश सरोहा,निट्टू मास्टर सहित अन्य ग्रामवासी मोजूद रहे।

## परशुराम कॉलोनी में लोगों ने जमकर किया हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** **शहर** की परशुराम कॉलोनी में क्षेत्रवासियों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। एरिया वासियों ने पुलिस को बताया कि यहां एक मकान में बाहरी प्रदेशों से आये युवा रह रहे है जो आए दिन शोर गुल करते है और शराब पीकर हंगामा करते है। इतना ही नहीं इस घर में कई नाबालिग युवा भी रह रहे है। जिनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। लोगो ने बताया इन लोगों के कारण उनके आस पास का माहौल भी खराब हो रहा

**जांच जारी**

**पुलिस को बताया कि यहां एक मकान में बाहरी प्रदेशों से आये युवा रह रहे है जो आए दिन शोर गुल करते हैं**

है। अक्सर ही ये लोग शराब पीकर बोतलें इधर उधर फैंक देते है और कई बार आपस में झगड़ा भी करते है। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि यहां पर कुछ युवा नेटवर्क मार्केटिंग का काम कर रहें है और आस पास के युवाओं को भी अपने साथ जोड़ कर उनसे निवेश करवा रहे है। इतना ही नहीं लोगो का कहना था कि मकान मालिक बाहर रहता और जब उसे फोन कर इस बारे में अवगत करवाया जाता है तो वह कहता है कि मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं है। लोगो की मांग है कि इस मकान से इन लोगो निकाला जाए और इस जगह को खाली करवाया जाए जिससे उनके आस पास का माहौल खराब न हो। इसी दौरान पुलिस ने मकान के भीतर से युवक व युवतियों व नाबालिगों को अपने साथ ले गई। खबर लिखे जाने तक इसमें मामले में कार्रवाई जारी थी। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि दोनों पक्षों की बात सुनकर ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कंश की काल कोठरी से निकल नंदबाबा के घर पहुंचे वासुदेव कृष्ण



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल ।** श्री द्वारकाधीश मंडल नारनौल ने आज वीरवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व एक भव्य प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में आगे-आगे वसुदेव के रूप में सूरज कौशिक अपने सिर पर टोकरी में भगवान श्रीकृष्ण को उठाए हुए प्रभात फेरी का नेतृत्व कर रहे थे वहीं श्री द्वारकाधीश मंडल के सभी सदस्य एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति श्री कृष्ण ध्वज लेकर भजन गाते हुए व पुष्प वर्षा करते हुए साथ-साथ चल रहे थे। लोगों ने अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर प्रभात फेरी में भगवान कृष्ण के दर्शन किए तथा आशीर्वाद लिया। प्रातः करीब 6 बजे पुरानी कचहेरी स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रभात फेरी डोल-नगाड़ों के साथ श्री राधे-कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हाथी-घोड़ा पाल की, जय कनैहया लाल की-नारों की गूंज के साथ शहर के मुख्य मार्ग महावीर चौक, रेस्ट हाऊस, तालाब बहादुर सिह रोड़, किलारोड़, आजाद चौक, मानक चौक, पुल बाजार से होते हुए 5 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण करके पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंची।

## 22 को कमिश्नर कार्यालय पर धरना देंगे रिटायर कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) रिटायर** कर्मचारी संगठनो की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आहवान पर 22 सिंतबर को कमिशनर कार्यालय परिसर पर रिटायर कर्मचारी धरना देंने की तैयारी में है। इसी को लेकर कर्मचारियों ने गत दिवस बैठक भी की थी जिसमें बताया गया था कि 22 सितंबर के धरने में अंबाला पंचकूला यमुनानगर कुरुक्षेत्र जिलों के हजारों रिटायर कर्मचारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि 60,65,75 वर्ष की आयु पर 5 10 15% पेंशन में वृद्धि की जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, कैशलेस मेडिकल सुविधा दी जाए, 3000 मासिक मेडिकल भत्ता दिया जाए, कम्यूटेशन की कटौती 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष में की जाए, फैमिली पेंशनर को एलटीसी का लाभ दिया जाए, फैमिली पेंशनर का बुढ़ापा सामान भत्ता बंद करके फैमिली पेंशन लागू की जाए,बुढ़ापा सामान भत्ता को सभी प्रकार की आय से अलग रखा जाए, सभी बोर्ड निगम विश्वविद्यालय कारपोरेशन के रिटायर कर्मियों को सरकारी पेंशनर की तरह तमाम सुविधाएं दी जाएं। सरकार शिक्षा स्वास्थ्य का प्रबंध सभी के लिए उपलब्ध करवाई जाए ,हरियाणा रोडवेज में चलने वाली सभी बसों में वरिष्ठ नागरिकों से ज्यादा कराया जाए, निजीकरण ठेका प्रथा आउट सोर्स पर रोक लगाई जाए विभागों को बेचना बंद करके खाली पड़े पदों पर नियमित भर्ती के आधार पर भरा जाए। जिला प्रधान पवन सांभली ने बताया कि सरकार आम जनता मजदूर किसान कर्मचारियों की मांग मुद्दों का समाधान करने की बजाए दमन की नीति अपनाए हुए है। पिछले लंबे समय से आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर है रिटायर कर्मचारी संघ इस आंदोलन का समर्थन करता है और सरकार की महिला विरोधी नीतियों की निंदा करता है।

## बेगा गांव में गुरनाम सिंह चढूनी सुनेंगे किसानों की समस्याएं

**गन्नौर।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी शुक्रवार को बेगा गांव की सेन समाज चौपाल में पहुंचेंगे। यह जानकारी यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल ने दी। उन्होंने बताया कि गुरनाम सिंह किसानों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बताया कि बेगा गांव में ठोकर नंबर 9 के निकट नाला बना है जिसमें आए दिन पशु गिर कर हादसों को शिकार हो रहे हैं। वहीं यमुना के तटबंध के अंदर जमीन में सरकार द्वारा मुआवजा नहीं दिया जाता। जिससे स्थानीय किसानों को नुकसान हो रहा है। इन मुख्य समस्याओं के साथ-साथ स्थानीय किसान अपनी अन्य समस्याएं भी गुरनाम सिंह के सामने रखेंगे।

## भूतपूर्व सैनिकों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला के** गांव कांवला में भूतपूर्व सैनिकों की बैठक बलजीत सिंह रंगा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि भूतपूर्व सैनिक लंबे समय से दिल्ली में संघर्ष कर रहे हैं लेकिन केंद्रीय सरकार द्वारा उनकी मांगे नहीं मानी गई। उन्होंने कहा कि जेसीओ, एनसीओ सैनिक संघर्ष समिति द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत जंतर मंतर दिल्ली में पिछले 7 महीना से धरना दे रहे सैनिकों की आवाज को केंद्र सरकार तक पहुंचाने के लिए यह अभियान लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार से वन रैंक वन पेंशन की कमियों को दूर करने के लिए अपील की जाती है इससे पहले भी अंबाला में कहीं बार भूतपूर्व सैनिक दिल्ली जाकर धरना प्रदर्शन में शामिल हो चुके हैं।




## पॉलिटेक्निक को मिला उत्तरी भारत का उत्कृष्ट बहुतकनीकी संस्थान अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) राष्ट्रीय** तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान ( एनआईटीटीआर ) चंडीगढ के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला महर को उतरी भारत का उत्कृष्ट बहुतकनीकी संस्थान 2022-23 पुरस्कार प्रदान किया गया । इस पुरस्कार स्वरूप संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा. राजीव सपरा को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब राज्य के राज्यपाल आदरणीय महामहिम ड़ा. बनवारी लाल पुरोहित द्वारा स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रोफेसर ड़ा. जी.एल. ड़ी विक्रमसिंघे महानिदेशक कोलंबो प्लान स्टाफ कॉलेज फिलीपींस और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के पुर्व उपाध्यक्ष ड़ा. एम पी पुनिया जी शामिल हुए। इस पुरस्कार चयन समिति मे एनआईटीटीआर चंडीगढ के निदेशक बी आर गुज्जर जी व एनआईटीटीआर के समन्वयक श्री ए.बी गुप्ता जी थे । राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर को यह उत्कृष्ट पुरस्कार मिलना दशार्ता है कि यह संस्थान उतरी भारत के 8 राज्यो मे सबसे सर्वोत्तम संस्थान है । राजकीय बहुतकनीकी संस्थान पिछले कई वर्षो से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी रहा है।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राजलू गढ़ी गांव के मन्दिर में हुआ भजन कीर्तन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गांव राजलू** गढ़ी के शिव मन्दिर में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। महिलाएं लड्डू गोपाल के साथ मंदिर पहुंचीं और दर्शन किए। भजन कीर्तन लड्डू गोपाल राजेश एंड पार्टी ने किया। कई महिलाएं बच्चों कान्हा और राधा का स्वरूप बनाकर लाई। बच्चों ने रूकमणी, सत्यभामा, कृष्ण, सुदामा सखा मिलन नाटक का मंचन कर मित्रता की यथावर्ता को सिद्ध जीवंत कर दिया। मन्दिर के पुजारी बाबा मोनी नाथ ने श्रद्धालूओं को संबोधित करते हुए कहा कि उस स्वग्रिम संसार में पवित्रता, शांति और सुख शांति थी। लेकिन वर्तमान में सारा संसार कसंपुरी के समान बन गया है। कलियुग में तो अजन्मे शिशु को मां की गोद में ही मारा जा रहा है। धर्म के नाम पर अधर्म हो हरा है। भगवान श्रीकृष्ण को मोर मुकेट पवित्रता का प्रतीक है।



## हरियाणा राज्य रैड क्रॉस द्वारा सीपीआर मोबाइल वैन एक अनोखी मुहिम चलाई गई

## कार्यकर्ताओं को कार्डियो पल्मनरी रिसेसिटेशन सीपीआर से अवगत कराया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**एसडी** पीजी कॉलेज में भारतीय रेड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा कॉलेज के वाईआरसी कार्यकर्ताओं को कार्डियो पल्मनरी रिसेसिटेशन सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया। हरियाणा राज्य रैड क्रॉस द्वारा सीपीआर मोबाइल वैन एक अनोखी मुहिम चलाई गई है जो महामहिम राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय के संदेश को हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में पहुंचाएगी। सुषमा गुप्ता वाइस चेयरमैन और डॉक्टर मुकेश अग्रवाल महासचिव तथा उपायुक्त एवं प्रधान जिला रैड क्रॉस सोसायटी वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में सीपीआर मोबाइल वैन आज एसडी पीजी कॉलेज के प्रांगण में पहुंची। जहाँ वाईआरसी के कार्यकताओं और कॉलेज के

**जागरूक किया**

**आपदा से निपटने का प्रशिक्षण समय रहते लें ताकि जरुरत पडने पर वे आम जनमानस की मदद कर सकें**



विद्यार्थियों को सीपीआर का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सेंट जॉन एंबुलेंस पानीपत की तरफ से सीपीआर के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए नोडल अधिकारी हरमेश चांद की अगुआई में मास्टर ट्रेनर रोहिणी भोखर, सोनिया शर्मा, तकनीकी समन्वयक मोहित कुमार, वॉलंटर प्रदीप तथा राज्य शाखा से आए हुए प्रतिनिधि सूरज कुमार एवं जगजीत सिंह द्वारा सेवाएं दी गई। मेहमानों और प्रशिक्षकों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, वाईआरसी नोडल अधिकारी डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.एसके वर्मा, प्रो.संजय कुमार, प्रो.इंदु पुनिया एवं अन्य प्राध्यापकों ने किया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि वाईआरसी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे रेडक्रॉस के जुडकर सीपीआर, प्राथमिक उपचार एवं आपदा से निपटने का प्रशिक्षण समय रहते लें ताकि जरुरत पडने पर वे आम जनमानस की मदद कर सकें।
कोई भी समाज या देश अकेले सरकार के प्रयासों से अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता है।

# रानी बाग का फुटओवर ब्रिज बना नशेड़ियों का अड्डा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली राजधानी दिल्ली** के रानी बाग में सालों पहले लगभग करोड़ो रूपए खर्च करके लोक निर्माण विभाग द्वारा फुट-ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाया गया था, ताकि लोगों के लिए सड़क पार करना सुरक्षित और आसान हो सके और लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बच सके।

**एफओबी का इस्तेमाल करने से कतराने लगे हैं लोग:** वर्तमान में फुट-ओवर ब्रिज पूरी तरह से बदहाल होने के कारण लोगों ने इसका इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया हैं। हर समय इस एफओबी पर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता हैं व आन-जाने वालें लोगों पर फब्तियां कसते हैं, इसीलिए लोग स्वयं के जीवन को खतरे में डालकर सीधे ही सड़क पार कर रहे हैं। उनके लिए इस तरह सड़क पार करना ज्यादा आसान और सुलभ हैं।

**नशेडियों का अड्डा बना एफओबी:** करोड़ों की लागत से बनाया गया यह फुट-ओवर ब्रिज खस्ताहाल होने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों का अड्डा भी बन चुका हैं। सीढ़ियों के पास असामाजिक तत्वों ने अपने रहने का ठिकाना बनाया हुआ है। पूरा ब्रिज धूल व मिट्टी में दिख रहा है, खाने के खाली पैकेटे, प्लास्टिक और कांच की शराब की खाली बोतलें पड़ी हुई हैं और जगह-जगह पान-गुटखा थूककर दीवारें खराब कर रखी हैं।

**एफओबी पर बैठकर पीते हैं शराब, खेलते हैं जुआ:** नाम ना छापने की शर्त पर स्थानीय दुकानदार ने बताया कि इस फुट ओवर ब्रिज पर असमाजिक तत्वों ने अपना कब्जा जमाया हुआ हैं। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि रात में ही नहीं बल्कि दिन में भी नशेडी यहां पर बैठकर शराब पीते हैं और जुआ खेलते हैं। मामले में कई बार दुकानदारों ने मिलकर स्थानीय पुलिस स्टेशन के बीट इंचार्ज के साथ-साथ स्थानीय पार्षद को भी शिकायत की, बावजूद समस्या जस की जस बनी हुई हैं।

## ज्वालापुरी: दिल्ली में केजरीवाल सरकार लाई हैं विकास की क्रांति: संतोष छिलवाल

**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली दिल्ली में** विपक्षी पार्टियां भी विकास के नाम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। वह भी बिजली पानी और विकास की बात करने लगी हैं। यह बदलाव आम आदमी पार्टी की वजह से ही है।

आप ने राजनीति को विकास के बिंदु पर केंद्रित कर दिया है। आप की सरकार ने वह काम किया हैं जो कभी कोई सोच नहीं सकता था। ऐसा कहना हैं नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित ज्वालापुरी वार्ड नंबर-45 से निगम पार्षद संतोष छिलवाल का। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि पहले कि सरकार में न तो गरीब लोगों को पेट भर खाना मिलता था और न ही गरीब के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलती थी, जिससे मन तो काफी परेशान रहता था, कि कब तक ऐसा चलेगा, कौन दिल्ली में विकास की क्रांति लाएगा। सालों बीत गए लेकिन विकास के नाम पर बस गरीबों को वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल किया गया।



तभी तो 70 साल में भी किसी ने स्कूल और अस्पताल ठीक करने की नहीं सोचा। वहीं पार्षद संतोष ने आगे बताया कि पांच साल में सरकार बनने के बाद अन्य पार्टी के लोग इतने घोटाले कर लेते है कि जनता के बीच जाने लायक नहीं बचते। सिर्फ आम आदमी पार्टी आज चौराहे पर खड़ी होकर पूछ रही है, बोलो अरविंद केजरीवाल ने कुछ काम किया या नहीं। हमारी पार्टी व मुख्यमंत्री ने पुण्य और आशीर्वाद के अलावा कुछ नहीं कमाया। अब जहां लोग आम आदमी पार्टी के लोगों को देखते हैं, उनकी इज्जत करते हैं।

**आप के कार्य को एक बार में गिनाना भी नामुमकिन:** दिल्ली में इतने काम हुए कि कोई भी एक बार में गिना नहीं सकता। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ऐसा काम हुआ कि आज रिक्शा चलाने वाले से लेकर जहाज चलाने वाले तक अरविंद केजरीवाल के काम की चर्चा करता है।

आज केजरीवाल साहब जनता से मोहब्बत करते हैं, इसी कारण जनता भी अरविंद केजरीवाल से मोहब्बत करती है।



भारत जोड़ों यात्रा की पहली वर्षगांठ पर आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने पदयात्रा का आयोजन किया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रानीबाग: यातायात व्यवस्था के लिए नासूर बन चुके है ई-रिक्शा, रोजाना लगता है जाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली राजधानी दिल्ली में** पहले यातायात जाम की वजह से अतिक्रमण, संकरी सड़कें, क्षतिग्रस्त रास्ते, बेतरतीब पार्किंग और अवैध रूप से दौड़ रहे शेयरिंग ऑटो रिक्शा को माना जाता था, लेकिन अब इनमें ई-रिक्शा का नाम भी जुड़ गया है। नियम तोड़ने की आदतों ने इन्हें दिल्ली वालों के लिए नासूर बना दिया है।

**बेलगाम ई-रिक्शा यातायात में ड़ाल रहा हैं खलल:** वहीं इसी कड़ी में रानी बाग रेलवे कॉलोनी स्थित मैन मार्किट के बाहर मुख्य सड़क को ई-रिक्शा चालकों ने रिक्शा स्टेंड़ ही बना लिया हैं। जिसकी वजह से आधी से ज्यादा सड़क पर इनका कब्जा रहता हैं, जिसके चलते यातायात बाधित होता हैं। नतीजन चंद मिनटों में घंटो का जाम लग जाता हैं। वहीं अगर कोई राहगीर गलती से भी रिक्शा हटाने को कह दें तो यह चालक समूह बनाकर मारने-पीटने व गाली-गलोच देने पर उतारू हो जाते हैं।




**यातायात पुलिस लगाम लगाने में विफल:** अगर हम बात करे संबंधित विभाग की तो यातायात पुलिस इन पर लगाम कसने में विफल दिखाई दे रहा है। ऐसे में रानीबाग के कई मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

**बेधड़क रौंद रहे यातायात नियम:** ई-रिक्शा किसी भी रूट पर बेखौफ होकर फरार्टा भरते हुए देखे जा सकते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हर चौराहे पर यातायात पुलिस का पहरा होने के बाद भी ई-रिक्शा चालकों की मनमानी जारी है। इतना ही नहीं अधिकांश ई रिक्शा में लाईट ही खराब पड़ी होती हैं, बावजूद इसके रात के समय बेधड़क होकर सड़कों पर लोगों की जान को जोखिम में डालकर सरपट दौड़ लगा रहें हैं।

## वजीरपुर: धूमधाम से मनाया प्रेम कुमार विद्यार्थी का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली अखिल** भारतीय युवा कोली/कोरी समाज के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेम कुमार विद्यार्थी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से उनके कार्यालय पर मनाया गया।

सुबह से ही उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने जहां एक ओर प्रेम कुमार विद्यार्थी को जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की। प्रेम कुमार विद्यार्थी को जन्मदिन की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद विकास गोयल, अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली, निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, आप वजीरपुर विधानसभा अध्यक्ष विक्की खारी, ईश कुमार अरोड़ा, वार्ड अध्यक्ष चांद, हरिन्दर पाल सिंह काले, अप्पू, सनोवर अली, सुनील, महेन्द्र कुमार, सुरेश, हरिशंकर कोली हनुमान जी, मनीष, तुषार, मनी, गुजंन, कमल, मनमीत सेठी, देवेन्द्र सिंह सेठी, सिल्की श्रीधर, मनीष श्रीधर, सीमा कश्यप, श्याम सुन्दर, रोहिताश, मास्टर जी, सूरजपाल, एचसी यादव, मुकेश, हर्षवर्धन, चंद्रपाल सहाय, गौतम शर्मा, राजेश ज्ञानी, विष्णु शर्मा, यासिन, मुर्गेश, बाबूलाल, केएम सेठ, कन्दु स्वामी, आनन्द जी पंडित, जी ब्लॉक प्राचीन हनुमान मंदिर के पंडित जी, जय भागवान, अशोक बंगाली के अलावा बाबूलाल, राजेन्द्र कोली, पूनम कोली, मनीष, अनिल, राजेश बजाज और कन्हैया पांडे, शेष बहादुर पांडे, काके भाई, समीर शौकिन, बाबू सत्यनारायण, वेद, हरिश शर्मा, मुकेश, विष्णु चौहान, राजेश गोयल, हेमचंद गोच्चे, नरेश, मनीष, लक्ष्मी नारायण भैरवा, रफिक भाई, मौसिम, नीलम, राजू पहलवान, सुधीर, सुनील, श्याम, दीपक जी पहलवान, राजीव, किशोर, सलीम, राकेश, राजेन्द्र शर्मा, इन्द्रकांत पाठक, मोहन पवार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।







# दिव्य हर्षोल्लास के साथ इस्कॉन मंदिर फरीदाबाद में जन्माष्टमी महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** इस्कॉन मंदिर सेक्टर 37 फरीदाबाद, दिव्य भव्यता से जगमगा उठा, क्योंकि हजारों भक्त और शुभचिंतक भगवान कृष्ण के प्राकट्य दिवस जन्माष्टमी को असीम उत्साह और खुशी के साथ मनाने के लिए एक साथ एकत्रित हुए। इस अवसर को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने वाले कार्यक्रमों की एक श्रृंखला द्वारा चिह्नित किया गया था जो भगवान कृष्ण के लिए गहन शिक्षाओं और प्रेम की प्रतिध्वनि थी। कृष्ण, जिनका नाम "सर्व-आकर्षक" का प्रतीक है, अपनी सुंदरता, शक्ति, ज्ञान, प्रसिद्धि, त्याग और समृद्धि से दिलों को मोहित कर लेते हैं, जो सभी उनके पास असीमित प्रचुरता में हैं। इस पवित्र दिन पर, भगवान के परम



व्यक्तित्व ने सभी मनुष्यों को अपने करीब लाने और उनके लंबे समय से खोए हुए संबंध को फिर से जागृत करने के लिए अवतार लिया। वह सभी को आकर्षित करने और अपने पास आने के लिए आमंत्रित करने के लिए अपनी मधुर लीलाएं करते हैं, उनका वैकुंठ ही हमारा असली घर है।

उत्सव की शुरूआत जन्माष्टमी से दस दिन पहले कृष्ण लीला कथा के साथ हुई, जहाँ भक्त कृष्ण की दिव्य लीलाओं की कहानियों में डूब गए। इस शुभ दिन की शुरूआत सुबह 4:30 बजे मंगल आरती के साथ हुई, जिसके बाद 5:30 से 7:30 बजे तक महामंत्र "हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे हरे राम राम हरे हरे" का जप हुआ। सुबह 8 बजे दर्शन आरती और ज्ञानवर्धक कृष्ण कथा ने आध्यात्मिक अनुभव को और गहरा कर दिया। पूरे दिन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध कीर्तन में लगे रहे और अपनी भक्ति और प्रेम अर्पित करते हुए भगवान के अभिषेक में भाग लिया। उत्सव में शामिल होने के लिए वैश्विक दर्शकों के लिए इन हृदयस्पर्शी समारोह को यूट्यूब पर लाइव-स्ट्रीम किया गया था। मंदिर के अध्यक्ष गोपीश्वर दास ने कहा, "कृष्ण की दिव्य उपस्थिति ने वृन्दावन को सुशोभित किया, लेकिन इस्कॉन के संस्थापकाचार्य श्रील ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के अथक प्रयासों ने कृष्ण के संदेश को दुनिया भर में पहुंचाया, विभिन्न देशों में 108 मंदिरों की स्थापना की। फरीदाबाद में हमारे नवनिर्मित मंदिर का उद्देश्य वृन्दावन की भावना को जागृत करना है।" जन्माष्टमी भक्तों के लिए एक प्रिय दिन है, और हमारे सभी उत्सव भगवान की खुशी के लिए समर्पित हैं। कृष्ण इस दिन अपनी असीम कृपा प्रदान करते हैं, जिससे सभी उनके करीब आ जाते हैं। हम दिव्यता का अनुभव करने के लिए फरीदाबाद और उसके आसपास के सभी लोगों को इस भव्य मंदिर में भगवान के दिव्य श्रीविग्रहों का दर्शन व कृपा प्राप्त करने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं।" जन्माष्टमी समारोह का चरम आकर्षण मध्यरात्रि में भगवान कृष्ण का अभिषेक था, जहां शुद्ध रस, नारियल पानी, दूध, शहद, शुद्ध घी और सुगंधित फूलों से भगवान का अभिषेक किया गया, जिससे उनके सांसारिक रूप के क्षण को दोहराया गया।

# भगवान श्रीकृष्ण ने सर्वसमाज को दिया मानवता का संदेश : राजेश नागर

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर आयोजित अनेक समारोहों में भागीदारी की और जनता को बधाई दी। नागर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र सर्व समाज को मानवता के रंगों के बारे में सिखाता है। उनके चरित्र को आज भी चरितार्थ किए जाने की आवश्यकता है। वह यहां सेक्टर 37 स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र हमें हमारे जैसा दिखाई देता है बस हमारे और उनमें अंतर यह है कि हम समस्याओं के आगे हार जाते हैं लेकिन भगवान ने हर समस्या का डटकर सामना किया।



वह बचपन से ही संकटपूर्ण जीवन में रहे लेकिन उनपर जीत हासिल करते रहे। इसलिए हम उन्हें जगद्गुरु कहते हैं। श्रीकृष्ण ने जीवन में गीत संगीत को महत्व दिया और आज भी उनके नाम से रास नृत्य को दुनियाभर में महारास का स्थान दिया जाता है। उन्होंने आततायी मामा का वध कर अपने नाना, अपनी मां और पिता को कैद से मुक्त कराया। उन्होंने अनेक संकटग्रस्ट राजाओं को नेतृत्व प्रदान किया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं के संग्रह श्रीमद भगवदगीता के संदेश को आज पांच हजार से भी अधिक वर्ष बीत जाने पर भी लोग गुरु वचन के रूप में लेते हैं। यह संसार में सबसे अधिक प्रसारित पुस्तक है। नागर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने लौकिक जीवन में मानवता की रक्षा की और लोगों को मानवता का पाठ पढ़ाते रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी हमेशा बुलंद करेगी आवाज : हरेंद्र भाटी

**आप नेताओं ने समाप्त करवाया विनीत गोस्वामी का धरना**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पिछले 120 दिनों से लघु सचिवालय सेक्टर-12 के समक्ष भ्रष्टाचार को लेकर धरने पर बैठे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विनीत गोस्वामी का आज धरना समाप्त हो गया। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष पं. राजेंद्र शर्मा व जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने मिलकर उन्हें जूस पिलाया और उनका धरना समाप्त करवाया। इस दौरान उपस्थित सभी आप नेताओं व कार्यकताओं ने केक काटकर जन्माष्टमी का पर्व मनाया और सभी को इसकी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, सरकारी महकमों में बिना रिश्वत काम नहीं हो रहे, लोग अपने कामों के लिए चक्कर लगा-लगाकर थक जाते है, लेकिन उनके काम नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह सरकारी पूरी तरह से नकारा और खटारा सरकार है वहीं जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जो कार्य किए है, उसकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को आम आदमी पार्टी की सरकारों ने खत्म किया है और यही सिस्टम हरियाणा में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा चंद दिनों की मेहमान है, इस प्रदेश से भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। इस मौके पर उनके साथ धर्मबीर भड़ाना, मेहरचंद हरसाना, नरेश शर्मा, तेजवंत सिंह बिट्टू, परमिंदर राजपाल, चंद्रपाल, देवराज गौर, जीतू सिंह, अभिषेक गोस्वामी, राहुल राणा, सुरेंद्र कुमार बंसल, हेतराम ठाकुर ,विनोद भडाना सहित आम आदमी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### गुरुग्राम: राजस्थान के राज्यपाल ने रिसर्च मेथडोलॉजी पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
शोध पद्धति विषय पर एक प्राधिकृत पुस्तक आईआईसीए मानेसर की फैकल्टी डॉ. लता सुरेश ने लिखी है, जिसका विमोचन रविवार को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। इस उत्कृष्ट प्रकाशन का शीर्षक अनवीलिंग द पाथ टू नॉलेज एक्सप्लोरिंग रिसर्च थ्योरी एंड डिजाइन है, जिसका उद्देश्य शोधकताओं को उनकी शोध क्षमता और समझ को बढ़ाने में मदद करना है।

मानेसर आईआईसीए में फैकल्टी डॉ. लता सुरेश ने अपने शैक्षिक, शोध, और सार्वजनिक सेवा में अनुभव के आधार पर लिखा गया है। सिद्धांत को अभ्यास से जोड? के साथ, पुस्तक पाठकों को मूलभूत समझ, व्यावसायिक सुझाव और प्रभित विभिन्न विषयों में प्रभावी और सख्त शोध करने के लिए कदम-से-कदम मार्गदर्शन प्रदान करती है। पुस्तक जटिल शोध अवधारणाओं को सुलझाती है, जिससे नवादेशी और अनुभवी शोधकताओं को उन्हें समझने में आसानी होती है। डॉ. लता सुरेश के मुताबिक वास्तविक दुनिया के मामले और उदाहरण दिखाते हैं कि विभिन्न शोध पद्धतियां विशिष्ट शोध प्रश्नों का समाधान करने के लिए कैसे लागू की जा सकती हैं। पुस्तक शोध प्रक्रिया के लिए एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करती है, शोध प्रश्नों के निरूपण से लेकर डेटा संग्रहण, विश्लेषण, और व्याख्या तक। डॉ. सुरेश ने नैतिक शोध प्रथाओं के महत्व को उजागर किया है और शोध में नैतिक चुनौतियों के सामने उतरने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया है।

## फरीदाबाद : पत्नी से बात करने से दोस्त को उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
करीब एक सप्ताह पूर्व सेक्टर-21बी में युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक ने अपनी पत्नी से बात करने पर अपने दोस्त को ही मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के लिए रिमांड पर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि 1 व 2 सितंबर की रात को आरोपित ने अपने दो दोस्त और अपनी सास सीमा (40) के साथ योजना बनाकर अपने मृतक दोस्त छोटे सिंह को अपने घर शराब पीने के लिए बुलाया था।

# भारत जोड़ो यात्रा ने दिया देश में भाईचारे व सद्भाव का संदेश:आफताब अहमद

**पदयात्रा**

**▶▶भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर फरीदाबाद में कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा देशभर में निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर जिले के कांग्रेसियों ने विशाल पदयात्रा का आयोजन किया। यह पदयात्रा सेक्टर-16 स्थित लाला लाजपत राय चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आरंभ हुई और विशाल जुलूस के रूप में



ओल्ड फरीदाबाद स्थित राजीव गांधी चौक पहुंची, जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के संयोजन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला रहे, जबकि अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष आफताब अहमद द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला, विजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। यात्रा के दौरान कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। यात्रा के दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक आफताब अहमद ने कहा कि राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा निकालकर, समाज को जो भाईचारे का संदेश दिया है, वह अपने आप में एक मिसाल है, आज तक किसी भी राजनैतिक व्यक्ति ने कभी ऐसी यात्रा नहीं निकाली। उन्होंने कहा कि बलिदान और संघर्ष का दूसरा नाम पर कांग्रेस पार्टी है, देश के विकास के लिए कांग्रेस ने अपने कई बड़े नेताओं को खोया लेकिन कभी देश को कमजोर होने नहीं दिया। श्री अहमद ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जाति धर्म के नाम पर देश को बांट रही है, यही कारण है कि आज देशभर में अराजकता का माहौल कायम है, हर व्यक्ति अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने नौ सालों में देश का विभाजन करने का काम किया है, विकास से इस सरकार का कोई लेना देना नहीं है। आफताब अहमद ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से हर कांग्रेसी कार्यकर्ता में जबरदस्त उत्साह है और आने वाले चुनावों में यह उत्साह तानाशाह भाजपा सरकार को सत्ताविहिन करने का काम करेगा। उन्होंने कांग्रेसियों से आह्वान किया कि वह पूरी तत्परता से जुट जाए और इस जनविरोधी भाजपा सरकार का असली चेहरा लोगों के समक्ष उजागर करने का काम करे।

# कार से 66 पेटी देशी शराब बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बहालगढ़ रोड स्थित सेक्टर-7 मोड़ पर नाका देखकर भागी एक कार को पुलिस ने पकड़ लिया, लेकिन चालक कार छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कार से 66 पेटी देशी शराब मिली है। चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

बताया गया कि गुरुवार को सेक्टर-7 मोड़ पर पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक कार चालक पुलिस को देखकर भागने लगा।

पुलिस ने कार का पीछा किया, लेकिन चालक ट्रक यूनियन में कार छोड़कर भाग गया। मुरथल ट्रैफिक थाना में तैनात एसआई शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस



ने तलाशी के दौरान कार से 66 पेटी देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## कैथल: 1100 प्रतिबंधित गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
एंटी नारकोटिक्स सेल चीका में में छापा मारकर प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की है। दवाइयों का प्रयोग नशे के लिए किया जाता था। पुलिस ने गुरुवार को केमिस्ट की दुकान के बाहर से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से करीब 1100 नशे की गोलियां बरामद की है। एंटी नारकोटिक्स सेल के एएसआई कमलजीत ने सूचना के आधार पर खरौदी रोड़ चीका पर संजीवनी मेडिकेयर स्टोर नाम से केमिस्ट की दुकान करने वाले चीका निवासी संजीव शर्मा को उसकी दुकान से 11 प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित समय गिरफ्तार कर लिया।

## पंडित अमरनाथ स्कूल प्रबंधन ने पुलिस आयुक्त को गुलदस्ता देकर किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पंडित अमरनाथ हाई स्कूल के चेयरमैन व एडमिनिस्ट्रेशन के सदस्य पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य का धन्यवाद करने के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने पुलिस आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पंडित अमरनाथ हाई स्कूल के चेयरमैन श्री सुंदर लाल, वाइस चेयरमैन प्रवीण आर्य जी, प्रधान श्री वीरेंद्र मखीजा, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश बंसवाल, सहकोषाध्यक्ष श्री रमेश सिंह, श्री अशोक जिंदल व श्री रोहताश जी मौजूद रहे। पंडित अमरनाथ स्कूल के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों ने पुलिस आयुक्त के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा समाज में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं उनके लिए वह पुलिस आयुक्त का आभार प्रकट करते हैं। पुलिस आयुक्त द्वारा दंगा नियंत्रण के लिए चार नई पुलिस कंपनियों का गठन किया गया है जो फरीदाबाद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना सुनिश्चित करेगी। पुलिस आयुक्त के अपराधियों के विरुद्ध सख्त रवैये को देखते हुए अपराधियों में पुलिस का खौफ और जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास ओर सुदृढ़ हुआ है।

उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि फरीदाबाद के नागरिकों की सुरक्षा सुरक्षित हाथों में है और इससे समाज की कुरीतियों भी दूर होगी। पुलिस आयुक्त ने सभी का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद किया और कहा कि पुलिस आमजन के सहयोग से ही समाज में शांति व्यवस्था स्थापित करने में कामयाब होती है इसलिए सभी से अनुरोध है कि वह पुलिस के कार्यों में सहयोग करें और वह विश्वास दिलाते हैं कि किसी भी उपद्रवी या असामाजिक तत्व को समाज की शांति व्यवस्था को भंग करने नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा स्कूल के बाहर कुछ शरारती तत्वों द्वारा छात्र-छात्राओं को परेशान करने की समस्या बताई गई जिसमें उन्होंने बताया कि कुछ लड़के छात्रों को तंग करते हैं।

# भारत के साथ आगे बढ़ सकता है नाइजीरिया : डॉ. राज नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतर्गत बृहस्पतिवार को नाइजीरिया का 34 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पहुंचा। यहां पहुंचने पर कुलपति डॉ. राज नेहरू और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री पार्टनर के साथ प्रतिनिधिमंडल ने नाइजीरिया में औद्योगिक विकास और कौशल शिक्षा का तंत्र विकसित करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

नाइजीरियन प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ.



राज नेहरू ने कहा भारत के साथ किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए नाइजीरिया के सामने जोखिम नहीं है। भारत के साथ नाइजीरिया आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम आपका खुली बाहों से स्वागत करते हैं और हर क्षेत्र में सहयोग करने के लिए तैयार है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि नाइजीरिया निश्चिंत होकर आगे बढ़े। उन्होंने कौशल शिक्षा का तंत्र विकसित करने के लिए हरसंभव सहयोग की पेशकश की। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हम इंडस्ट्री के जॉब रोल और जरूरत के हिसाब से मानवीय संसाधन तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नो डिमांड, नो प्रोग्राम और नो डिमांड नो जॉब रोल। इस मौके पर उन्होंने पारंपरिक विश्वविद्यालयों की समस्याओं को भी इंगित किया और कौशल के माध्यम से औधोगिक विकास के मॉडल पर चर्चा की।

नाइजीरियन इन्वेस्टमेंट प्रमोशन कमीशन की अधिकारी स्लेमेंट आई अखिम्बे ने नाइजीरिया और भारत के बीच की समानताओं का जिक्र करते हुए कहा हमारी चुनौतियां और अवसर एक जैसे हैं। भारत के साथ समन्वय स्थापित कर हम आगे बढ़ सकते हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेसियों ने बल्लभगढ़ में निकाली पद यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा के निदेर्शानुसार फरीदाबाद के कांग्रेसजनों ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा का आयोजन कर जनता को भारत जोड़ो यात्रा का संदेश दिया। इस पदयात्रा में सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष कौशिक, पूर्व प्रदेश चेयरमैन कामगार कांग्रेस राकेश तंवर, बल्लभगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता योगेश ढींगरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यवीर डागर, पूर्व

**संदेश**

**▶▶राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर दिया संदेश**

ओबीसी चैयरमैन ललित भड़ाना, बल्लभगढ़ से पीसीसी डेलिगेट प्रियंका अग्रवाल, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नू राजपूत, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सोनू चौधरी, लीगल सेल जिलाध्यक्ष स्वर्ण सिंह आर्य, बाबी रावत, गौरव ढींगरा, पीसीसी डेलिगेट संजीव चौधरी, विनोद चेयरमैन हरियाणा कांग्रेस विचार विभाग, यूथ ब्लॉक अध्यक्ष आकाश पंडित, पूर्व प्रदेश




प्रवक्ता मोहन ढिल्लों, डॉ. वीरेंद्र, रेणु तंवर, प्रताप शर्मा, एडवोकेट वंदना सिंह, एनएसयूआई के सन्नी बादल, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, सुनीता फागना, रंधावा फागना, नसीमा शेख, अश्विनी कौशिक, डॉ. पराग गौतम, शुभम कसाना, आजाद सैनी, धर्मवती शर्मा, अनिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

इस दौरान कांग्रेसजनों ने कहा की पिछले वर्ष सात सितम्बर 2022 को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया था, जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। भारत जोड़ो यात्रा 4081 किलोमीटर, 12 राज्यों, दो केन्द्र शासित प्रदेश, 75 जिला और 76 लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनों की यात्रा में लोगों के बीच पहुंची थी। इस यात्रा के दौरान देश भर के लाखों लोग प्रेम और एकता के प्रति राहुल गांधी की भक्ति, धर्म-समुदाय, जाति आदि की परवाह किये बिना हर भारतीय को एकजुट करने की उनकी अटूट भावना से मंत्रमुग्ध थे। आज देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रियता, धर्म, सांप्रयिदकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हैं ऐसे हालातों में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है। जब देश चलाने वाले दल, सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार को पीछे धकेलकर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं तब उस समय कांग्रेस जैसी देशभक्त पार्टी का नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य हो जाता है कि वो देश को बचाने देश की एकता व अखंडता को बचाने के लिए भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाये और भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था। आज देश की आक्रोशित जनता का कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और कुमारी सैलजा के प्रति स्नेह, साथ और समर्थन देखकर यह स्पष्ठ हो चुका है की देश व हरियाणा प्रदेश प्रचंड मतों से कांग्रेस की सरकार बनना तय है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## ममता ने की विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी की घोषणा

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को विधायकों के वेतन में 40 हजार रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी की घोषणा की। राज्य विधानसभा में इसकी घोषणा करने के साथ ही बनर्जी ने कहा, "हालांकि, मुख्यमंत्री के वेतन में कोई संशोधन नहीं होगा क्योंकि वह लंबे समय से कोई वेतन नहीं ले रही हैं।" उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के विधायकों का वेतन अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि उनके वेतन में प्रति माह 40 हजार रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी। हालांकि, बनर्जी ने बढ़ोतरी के बाद सभी भत्ते और विभिन्न स्थायी समितियों के सदस्यों के रूप में अतिरिक्त वेतन सहित विधायकों के वास्तविक वेतन का विवरण नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के इस फैसले की सोशल मीडिया पर आलोचना शुरू हो गई है। राज्य में सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता नहीं मिला है। वे लंबे समय से धरने पर बैठे हैं।

## केंद्रीय मंत्री के बेटे का शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
राजधानी लखनऊ में हुई विनय श्रीवास्तव की हत्या के मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। पुलिस की रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर के घर पर एक सितंबर को विनय श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने विनय के तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला था कि विनय की हत्या विकास किशोर के लाइसेंसी पिस्टल से हुई थी। इसके बाद पुलिस ने गहनता से जांच की और विकास के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट बुधवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपी थी। इसे संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने विकास का शस्त्र लाइसेंस निलबिंत कर दिया है। इसके अलावा कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया के तहत नोटिस देकर निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

## बंगाल में पहली बार गाया गया राज्य संगीत

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित बांग्लार माटी, बांग्लार जल शुभ होक (बंगाल की मिट्टी बंगाल का पानी शुभ हो) को "राज्य गीत" के तौर पर अपना लिया है। आज पहली बार राज्य विधानसभा में विधायक इंद्रनील सेन ने इसे राज्य गीत के तौर पर अपनाये जाने के बाद गाया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी उनके सुर में सुर मिलाया। सदन में यह पल बेहद खास था। इस दिन सरकार ने पश्चिम बंगाल दिवस और राज्यगान को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया। इसकी शुरूआत तृणमूल विधायक व सूचना व संस्कृति विभाग राज्य मंत्री इंद्रनील सेन ने की। जब इंद्रनील ने माइक पर गाना गाया तो मुख्यमंत्री भी अपनी सीट से खड़े होकर ताली बजाने लगीं। मौजूद अन्य मंत्री और विधायक भी गाने की धुन पर अपने होंठ हिलाते दिखे। कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1905 में ब्रिटिश सरकार द्वारा बंगाल के विभाजन के विरोध में इस गीत की रचना की थी।

# यूपी: निराश्रित गोवंश का संरक्षण करने के निर्देश

## 3 महीने का डेडलाइन: प्रदेश में अब भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश, योगी सरकार ने दिए सभी के संरक्षण का निर्देश

शांति

~~मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई~~



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
योगी सरकार ने प्रदेश में अगले 3 माह के अंदर निराश्रित गोवंश के संरक्षण के आदेश दिए हैं। बीते दिनों आगरा, सुल्तानपुर एवं पीलीभीत जैसे जनपदों में हुई घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सरकार ने कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसी घटनाओं की आगे पुनरावृति न हो। उल्लेखनीय है कि सरकारी आंकड़ों में अभी भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश होने की जानकारी है। इसी कड़ी में योगी सरकार ने सभी के संरक्षण के निर्देश जारी किए हैं।

**घटनाओं की न हो पुनरावृत्ति:** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बैठक में कहा कि अगले 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाए। साथ ही घटनाओं की पुनरावृति न हो। पंचायतों द्वारा नगरीय क्षेत्रों में संरक्षित गोवंशों में पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाए। बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 सितम्बर तक खुले पशुओं को संरंक्षित कर लिया जाए। जनपद हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बदायूं आदि की सड़कों एवं नदियों के किनारों पर बहुत अधिक संख्या में गोवंश का विचरण होता है। शहरों में भी मंडियों के समीप एवं कालोनियों में गोवंश विचरण करते हैं। नगर आयुक्त और अधिशाषी अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। नए अस्थायी गो- आश्रय स्थलों की स्थापना की सूचना तत्काल प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी से लेकर एसडीएम तक सतत अनुश्रवण एवं पोर्टल का प्रयोग सुनिश्चित हो।

### गोवंश को गोद लेंगे शहरवासी

**गौ ग्रास** सेवा योजना के तहत गो प्रेमियों को गोवंश को गोद देने का अभियान चलेगा। जो भी गोद लेगा उन्हें मासिक या वार्षिक शुल्क देना होगा। 600 रुपए मासिक और 7200 प्रतिवर्ष का शुल्क निर्धारित किया है। जो भी पैसा इक्ट्ठा होगा इससे गोवंश के लिए गुड़, सेंधा नमक, चोकर, हरा चारा आदि के इंतजाम किए जाएंगे। नगर निगम नदौसी में गौशाला का संचालन कर रहा है। जिसमें 1130 गोवंश हैं। इन गोवंशों को रोजाना 318 कुंतल चारा, 687 कुंतल भूसा और 10 दिन में 2300 कुंतल चोकर खिलाया जाता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में कैटल कैचर आपरेशन चलाएं:** मुख्य सचिव ने कहा कि नदियों के किनारे हजारों की संख्या में गोवंश विचरण करते हैं।

### गोवंश के लिए घरों में पहली रोटी बनाएंगे शहरवासी, चलेगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/बरेली।**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के दिशा निदेर्शों के अनुरूप गोवंशों के भरण पोषण के लिए अभिनव कदम उठाया गया है। शहर के हर नागरिकों को उनके भरण पोषण करने की जिम्मेदारी होगी। गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत शासन ने नई गाइड लाइन तय कर अभियान चलाया जाएगा। हर घर में बनने वाली पहली रोटी, पहला आटे का चोकर गाय के नाम से निकाला जाएगा। गोवंश को गोद लिया जाएगा। इसके लिए गो प्रेमियों को मासिक और सालाना शुल्क देना होगा। इस पैसे से गुड़, सेंधा, नमक, चोकर, हरा चारा खरीदा जाएगा। शहरी इलाकों से लेकर देहात क्षेत्र में अब गोवंशों के भरण पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और गौशाला की आय सृजन के लिए गोमय उत्पादों, बायो गैस कम्पोस्ट खाद, गोमूत्र आदि उत्पादन, बिक्री करने की कार्ययोजना बनी है। नगर निगम अधिकारी इस कार्ययोजना के तहत अभियान चलाने और लोगों को जागरूक करने की तयारी शुरू हो गई है।

पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा. आदित्य तिवारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में सड़कों, सार्वजनिक स्थलों निराश्रित, बेसहारा गोवंश के विचरण से निकाय की अवस्थापना सुविधाओं को होने वाले नुकसान और जनसामान्य को होने वाली असुविधा, गोवंशों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए कान्हा गौशाला का संचालन किया जा रहा है।

## मैं उदयनिधि का सिर कलम करके लौटूंगा: परमहंस

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान को लेकर तपस्वी छावनी के जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेज कर स्टालिन को पद मुक्त किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो 18 सितंबर को वह तमिलनाडु में स्टालिन से मिलने जाएंगे और जिस तरह हनुमान ने कालनेमि का वध किया था, उसी तरह वे उनका सिर कलम करके लौटेंगे। आचार्य ने स्टालिन का सिर कलम करने वाले को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा भी कर चुके हैं। उन्होंने मन्दिर पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि हम लोग सनातन धर्म के मानने वाले हैं। हमारा धर्म चींटी को भी बचाकर चलने की बात करता है। हम अहिंसा वादी हैं और वसुधैव कुटुंबकम के अनुयायी हैं, लेकिन जिस तरह से डीएमके नेता ने कहा कि डेंगू-मलेरिया की तरह सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। इसके बाद मैंने कहा कि जो उनकी गर्दन कटेगा उसे 10 करोड़ रुपये दूंगा। इस पर उन्होंने पलटवार किया और कहा कि मैं अपने बयान पर अडिग हूं, फिर उनका बयान आ गया कि हमें कोई फर्क नहीं पड़ता हमारे दादा को भी ऐसी धमकी मिली थी। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेज कर तत्काल प्रभाव से उनको अपदस्थ करने की हमने मांग की है। मैंने कहा है कि अगर ऐसा न हो तो हमें उनसे मिलने की अनुमति प्रदान कर दी जाए, क्योंकि दूसरे धर्म के बारे में किसी ने ऐसा बयान दिया होता तो अभी तक उसके चिथड़े भी न मिलते लेकिन सनातन पर जहां भारत के 100 करोड़ लोगों में से 80 प्रतिशत लोग इस धर्म को मानने वाले हैं, उन्होंने उनकी हत्या का आह्वान किया है।



विवादित बयान

आचार्य ने स्टालिन का सिर कलम करने वाले को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा भी कर चुके हैं



कानपुर में सनातन धर्म मंदिर में राधे कृष्ण की झांकियां सजाई गई।

## कश्मीरी पंडितों ने श्रीनगर में निकाली शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाए जा रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के शुभ अवसर पर कश्मीरी पंडितों ने गुरुवार को श्रीनगर में शोभा यात्रा (झाँकी) निकाली। झाँकी में पारंपरिक पोशाक पहने बच्चों के एक समूह के साथ यात्रा श्रीनगर के टंकीपोरा इलाके में कथलेश्वर मंदिर से निकाली और हब्बाकदल, गणपतियार, बारबर शाह, रीगल चौक, लाल चौक, हरि सिंह हाई स्ट्रीट और जहांगीर चौक से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सड़कों से होकर गुजरी। धार्मिक भजन गाते हुए बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित यात्रा में शामिल हुए।

## 'घमंडिया गठबंधन के बाकी दलों ने भी हीनता ओढ़ रखी है'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के बाकी दलों ने गांधी परिवार सरीखी हीनता ओढ़ रखी है जो अद्भुत भारत के बारे में रत्ती भर भी सकारात्मक नहीं सोच सकते। केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को ट्वीट कर इण्डिया का नाम भारत करने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के नेताओं की बयानबाजी पर तंज कसा है। गौरतलब हो कि इण्डिया का नाम भारत करने का विरोध सपा,बसपा और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने की है। इसके बाद उप मुख्यमंत्री का ट्वीट आया है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब देश जीतता है तो भारत माता की जय बोला जाता है,इंडिया माता की नहीं। 2024 लोकसभा चुनाव में तीसरी बार मोदी सरकार आने का डर विपक्ष के नेताओं की बयानबाजी में साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार की धुरी वाला घमंडिया गठबंधन लड़ने चला था राजग से, लेकिन इसने तो दुनिया के सबसे प्राचीन यानी सनातन धर्म के खिलाफ ही युद्ध छेड़ दिया है, जो धर्म के साथ खड़ा नहीं हो सकता, उसका हश्र कौरवों जैसा होता है।

## धामी ने किया नए हरिपुर घाट का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**नमामि** गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जौनसार बावर के प्रवेश द्वार हरिपुर कालसी में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मां यमुना हरि स्नान घाट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी के साथ ही मां यमुना हरि स्नान घाट का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। इस खास मौके पर सीएम धामी ने आरती की। सीएम धामी ने मां यमुना का आशीर्वाद लेकर जनता को संबोधित किया। विकासनगर हरिपुर में स्थित यमुना तट पर गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। एक खास कार्यक्रम के तहत वो मां यमुना के तट पर पहुंचे और उनको नमन किया। सीएम ने घाट पर पहुंचते ही मां यमुना को हाथ जोड़कर नमन किया और मां यमुना का आचमन ग्रहण कर पूजन कर आशीर्वाद लिया। नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जौनसार बावर के प्रवेश द्वार हरिपुर कालसी में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मां यमुना हरि स्नान घाट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी के साथ ही मां यमुना हरि स्नान घाट का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया।



सलाम

### जज्बे को सलाम: रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

## देवाल की बीना देवी ने कार को बनाया रोजगार का साधन

स्वरोजगार

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**
**यदि मन** में हौसला हो तो कोई काम कठिन नहीं है। कहा जाता है कि हौसला हो तो बिना पंख के भी उड़ान भरी जा सकती है। यदि आप कुछ करने की ठान लो तो कोई भी विषम परिस्थिति आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है चमोली जिले के दूरस्थ विकासखंड देवाल के अंतिम गांव वाण की बीना देवी ने। बीना देवी ने स्वरोगार के लिए टैक्सी परमिट की अल्टो कार को रोजगार का जरिया बनाया और आज उत्तराखंड के हर इलाके में सवारियों को बुकिंग पर उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचा कर अच्छा खासा धन अर्जित कर लेती हैं। बीना देवी ने पहाड़ की महिलाओं के लिए एक मिशाल भी कायम की है। देवाल विकासखंड के अंतिम गांव वाण निवासी 34 वर्षीय बीना देवी का परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर था। बीना देवी का मायका देवाल के ही हरनी गांव में है। पिता की स्थिति भी ठीक नहीं थी। लिहाजा हाईस्कूल करने के बाद 2010 में उनकी शादी वाण गांव के सुरेंद्र सिंह से हुई। सुरेंद्र सिंह भी टूरिस्ट गाइड का काम करते हैं। उनकी हालत भी कुछ खास ठीक नहीं थी। बीना ने परिवार की आर्थिकी बढ़ाने के लिए स्वयं भी रोजगार करने का मन बनाया। बीना देवी कहती हैं कि उन्हें बचपन से ही गाड़ी चलाने का बड़ा शौक था, लेकिन परिवार के हालात ऐसे न थे कि वाहन ले पाते। उनकी यह इच्छा मन ही में रह गयी, लेकिन जब रोजगार करने की सोची तो अपने दिल की बात परिजनों को बतायी। पहले तो सबने मना किया लेकिन बाद में मान गये।

2016 में वाहन चलाने की ट्रेनिंग ली। उन्होंने बैंक से ऋण लेकर एक टैक्सी खरीदी और आज वह उत्तराखंड के हर कोने में देवाल से बुकिंग में कार ले जाती हैं।



देवाल विकासखंड के अंतिम गांव वाण निवासी 34 वर्षीय बीना देवी का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था

